www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 72 || अम्बेडकरनगर
बुधवार
03 जून 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः 2 ₹
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदयः 05:12
सूर्यास्तः 06:56
अधिकतमः 38°00
न्यूनतमः 29°00



पेज 07
विशेष समाचार स्वस्थ जीवन एवं स्वस्थ... >>पेज 04
आगरा में बारिश, फुटपाथ... >>पेज 06
जान्हवी कपूर ने दी तेलुगु ...


## विवादित ऑन स्क्रीन मार्किंग के टेंडर की जांच के आदेश, री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर साइबर अटैक

# सीबीएसई के अध्यक्ष और सचिव का हुआ तबादला

### रिजल्ट से री-इवैल्यूएशन तक, अब तक क्या-क्या हुआ

- 13 मई- सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित किए।
- 19 मई- पोस्ट रिजल्ट शिकायतों के समाधान के लिए पोर्टल खोला, लेकिन पहले ही दिन क्रैश हो गया।
- 22 मई- तीन बार एक-एक दिन के लिए आंसरशीट की फोटोकॉपी लेने की तारीख बढ़ाई गई।
- 25 मई- पोर्टल दुरुस्त करने के लिए देश के दो आईआईटी से मदद मांगी गई।
- 1 जून- ओएसएम का रीवैल से जुड़ा पोर्टल दिन भर नहीं खुल सका।
- 2 जून- बोर्ड ने पोर्टल लाइव करने की घोषणा की, यह 6 जून तक ओपन रहेगा।

### ऐसे कात करता है सीबीएसई का ओएसएम फॉर्मूला




**फेरबदल**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने मंगलवार को ऑन स्क्रीन मार्किंग (OSM) विवाद के बीच CBSE के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का ट्रांसफर कर दिया। इसके अलावा OSM सर्विस के टेंडर और खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है।

OSM प्रणाली में गड़बड़ी का खुलासा करने वाले 12वीं के छात्र सार्थक सिद्धांत आज दोपहर एक बजे संसद की स्थायी समिति के सामने पेश हुए। ऐसा पहली बार हुआ कि किसी मामले में कोई स्टूडेंट अपनी बात रखने के लिए बुलाया गया।

उधर, CBSE के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर साइबर अटैक हुआ। CBSE के अनुसार, 2 मिनट में 15 लाख एक्सेस अटेंप्ट हुए, जबकि 1 लाख से ज्यादा बार सिस्टम की फाइलों तक बिना अनुमति पहुंचने की कोशिश की गई।


>> (शेष पेज 06 पर)

### स्टूडेंट ने संसदीय समिति को बताया- ओएसएम में 15 खामियां

सार्थक सिद्धांत ने संसद की स्थायी समिति के सामने OSM प्रणाली के लागू होने और इसके टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर अपनी बात रखी। सार्थक सिद्धांत ने कहा, 'मेरे ब्लॉग के अनुसार कम से कम 15 खामियां हैं।' इसके बाद शिक्षा मंत्रालय ने CBSE से कोएम्प्ट को टेंडर देने को लेकर बोर्ड से रिपोर्ट मांगी। संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया, 'सार्थक ने समिति के समक्ष अपनी बात रखी है। अब समिति उनके उठाए गए मुद्दों और CBSE के जवाबों पर विचार करेगी।'




दरअसल, 13 मई को सीबीएसई ने 12वीं का रिजल्ट जारी किया था। इस बार पहली बार कॉपियां कंप्यूटर स्क्रीन (ओएसएम सर्विस) पर चेक की गई थीं। रिजल्ट आने के बाद कई छात्रों ने नंबरों को लेकर शिकायत की, जिसके बाद पूरे मामले की जांच शुरू की गई है।



राहुल सिंह, चेयरमैन        हिमांशु गुप्ता, सचिव




OSM की गड़बड़ी सामने लाने वाले 2 छात्र, दोनों ने परीक्षा दी

### संसदीय समिति में 31 सांसद, दिग्विजय अध्यक्ष

संसदीय समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 31 सांसद शामिल हैं। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह इसके अध्यक्ष हैं। समिति शिक्षा से जुड़े मुद्दों की समीक्षा करती है। इसके लिए वह अधिकारियों, संस्थानों और अन्य पक्षों को बुलाकर उनका पक्ष सुन सकती है और उनसे जवाब मांग सकती है। यह समिति NTA और NEET-UG परीक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा में रही है। दिसंबर 2025 में पेश अपनी रिपोर्ट में समिति ने कहा था कि NTA का प्रदर्शन भरोसा नहीं जगा पाया है। >> (शेष 06 पर)

### सीओईएमपीटी पर तेलंगाना बोर्ड एग्जाम में गड़बड़ी के आरोप

COEMPT एडुटेक तेलंगाना के हैदराबाद की कंपनी है। ये फर्म तेलंगाना, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में डिजिटल इवैल्युएशन का काम करती है। 2019 में इसका नाम ग्लोबरेना टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड था। तब इस पर तेलंगाना में 12वीं के बोर्ड एग्जाम में डेटा प्रोसेसिंग में गड़बड़ी के आरोप लगे थे। उस साल राज्य में 9.74 लाख में से 3 लाख से ज्यादा बच्चे फेल हो गए थे।

### एलपीजी सिलेंडर की होम डिलीवरी के लिए 25 देने होंगे

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच छिड़ी जंग का असर एलपीजी सप्लाई पर पड़ा है। इससे भारत समेत दुनियाभर में परेशानी हो रही है। भारत में सरकार ने पेट्रोलियम कंपनियों से एलपीजी सिलेंडर के भंडार को रखने के लिए कहा है तो गैस की कीमतों में इजाफा भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में कॉमर्शियल और 5 किलोग्राम वाले छोटे सिलेंडर के दाम एक बार फिर से बढ़ाए गए हैं। 5 किलोग्राम सिलेंडर को लेकर कई ऐसी बातें हैं जो बहुत कम लोगों को मालूम है। उदाहरण के लिए इस सिलेंडर की होम डिलीवरी के लिए अतिरिक्त पैसे देने पड़ते हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक ग्राहक पॉइंट ऑफ सेल्स के माध्यम से छोटू गैस सिलेंडर रिफिल की होम डिलीवरी का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि, इसके लिए उन्हें प्रति रिफिल 25 रुपये का अतिरिक्त डिलीवरी शुल्क देना होगा।

## एंटी रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-2 क किया गया सफल परीक्षण

### हवा से जमीन में 300 किलोमीटर तक हमला करेगी

**मिशन**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (DRDO) ने मंगलवार को एंटी-रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-2 का सफल टेस्ट किया है। यह टेस्ट वायुसेना के Su-30MKI फाइटर जेट से किया गया। ये मिसाइल हवा से जमीन में 300km की तक की रेंज में दुश्मन को खत्म करेगी।

रुद्रम-2 मिसाइल को दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार, कम्युनिकेशन सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी नेटवर्क को खत्म करने के लिए बनाया गया है। यह मिसाइल दुश्मन के रडार बंद होने पर भी उसे खोजकर खत्म करेगी। ग्राउंड अटैक- इस मोड में मिसाइल दुश्मन के बंकर, एयरस्ट्रिप, भूमिगत एयरक्राफ्ट हैंगर, रडार और सैन्य ठिकानों पर सटीक हमला कर सकती है। एंटी-रेडिएशन (ARM)- इस भूमिका में इसका प्रमुख टारगेट रडार स्टेशन, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी केंद्र, कम्युनिकेशन और जैमिंग सिस्टम होते हैं।




**दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को खत्म करने में सक्षम**

>> (शेष पेज 06 पर)

## लैंडस्लाइड से सड़कें बंद, सुरक्षाबल रेस्क्यू में जुटे

# जम्मू के किश्तवाड़ में 2 जगह बादल फटा

**आपदा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ । जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में मंगलवार को दो जगह बादल फटे है। पहला बादल सरथल के गहन इलाके में और दूसरा माछीपाल क्षेत्र में फटा है। कुछ इलाकों में लैंडस्लाइड से सड़कें बंद हो गईं है।

अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। पुलिस, रेड क्रॉस, राजस्व विभाग और अन्य एजेंसियों की टीमें मौके पर भेजी गई हैं।



इधर, राजस्थान और मध्य प्रदेश में आंधी-बारिश से 5 लोगों की मौत हो गई। एमपी के नीमच में सोमवार रात मकान की छत ढहने से मां-बेटे की मौत हो गई।

>> (शेष पेज 06 पर)

**राजस्थान-एमपी में आंधी-बारिश से 5 मौतें**

सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों से लगातार संपर्क किया जा रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद पहुंचाई जा सके।

**फास्ट न्यूज**

### पहलगाम हमले में इस्तेमाल मोबाइल कराची-लाहौर से आए थे

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने नया खुलासा किया है। NIA के मुताबिक हमले में शामिल आतंकियों का 28 जुलाई को एनकाउंटर हुआ था। इनके पास से ऑरेंज कलर का RedMi 9T और एक ब्लैक कलर का RedMi Note 12 बरामद हुआ था।

**बयान आपत्ति**

### थरूर बोले- वंदे मातरम लोगों के लिए बोझिल

तिरुवनंतपुरम । कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सरकारी कार्यक्रमों की शुरुआत और अंत में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सभी 6 छंदों को बजाने या गाना अनिवार्य करने पर सवाल उठाया। उन्होंने इसे गैर जरूरी और लोगों के लिए बोझिल बताया। केरल के तिरुवनंतपुरम में सोमवार को थरूर ने कहा, 'वंदे मातरम हमारा राष्ट्रगीत है। जब इसे गाया जाता है, तो हम सम्मान में खड़े हो जाते हैं। इसका पहला छंद या पहले दो छंद ज्यादातर लोगों को जुबानी याद होते हैं। थरूर ने बताया कि पारंपरिक रूप से यह गीत किसी कार्यक्रम की शुरुआत में एक बार गाया जाता था तो वहीं राष्ट्रगान अलग से कार्यक्रम के आखिर में बजाया जाता था।

### गुजरात में 2 बसों की टक्कर में 7 की मौत

सूरत। गुजरात में सूरत जिले के बारडोली के पास मंगलवार दोपहर को दो बसें टकरा गईं। हादसे में 7 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा घायल हो गए। टक्कर के बाद एक बस के पलटते ही उसमें आग लग गई थी। दोनों बसें महाराष्ट्र की हैं।

हादसा सड़क पर पलटे एक टैंकर को बचाने की कोशिश के दौरान हुआ।

# 'गोरखपुर के चिलुआताल में 20 मेगावाट बिजली बनेगी'

### सीएम योगी बोले- पहले तालाबों पर होते थे कब्जे, अब हो रहा सौंदर्यीकरण

**उद्घाटन**

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम चिलुआताल पिकनिक स्पॉट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा- पहले की सरकारों में तालाबों और पोखरों पर कब्जा कर लिया जाता था। बाद में वहां अवैध रूप से इमारतें बना दी जाती थीं, लेकिन अब सरकार तालाबों और पोखरों को बचाने के साथ उनका सौंदर्यीकरण करा रही है। सीएम योगी ने कहा- चिलुआताल के विकास का पहला चरण शुरू हो चुका है। इसके लिए आगे भी कई योजनाएं बनाई जाएंगी। चिलुआताल को रामगढ़ताल की तरह विकसित कर आकर्षक पर्यटन स्थल बनाया जाएगा।



**सीएम योगी ने कहा- यहां का फर्टिलाइजर कारखाना पूरी तरह बंद पड़ा था। अगर एसएसबी नहीं आई होती, तो स्क्रैप भी गायब हो गया होता।**

### 6 साल पहले तक फर्टिलाइजर कारखाना बंद था

मुख्यमंत्री ने कहा- 6 साल पहले तक फर्टिलाइजर कारखाना बंद पड़ा था। साल 1990 से यहां की सभी गतिविधियां ठप थीं। बीच में एसएसबी यहां आ गई, नहीं तो यहां का स्क्रैप भी गायब हो जाता। आज यहां एसएसबी, फर्टिलाइजर कारखाना, सैनिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय मौजूद हैं। केंद्रीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए भी धन स्वीकृत हो चुका है।

>> (शेष पेज 06 पर)


## टीएमसी से निष्कासित 2 विधायक बोले-हमारे साथ 50 से ज्यादा एमएलए

# 'हम असली तृणमूल'

**दावा**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस दो गुटों में बंट सकती है। पार्टी से निकाले गए नेता रिजू दत्ता ने दावा किया कि 80 में से 50 से ज्यादा विधायक खुद को असली तृणमूल बताने की तैयारी कर रहे हैं। रिजू ने दावा किया है कि आज ये सभी विधायक विधानसभा स्पीकर के पास जाएंगे और तीन मुद्दे उठाएंगे। पहला- हम ही असली तृणमूल कांग्रेस हैं। दूसरा- विपक्ष के नेता ऋतब्रत होंगे, न कि शोभनदेव। तीसरा- हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है, इसलिए चुनाव चिह्न हमारा होना चाहिए। बंगाल में TMC के 80 विधायक हैं। नए गुट को मान्यता के लिए दो-तिहाई यानी 54 विधायकों की जरूरत होगी। इससे कम विधायक होने पर स्पीकर नए गुट को मान्यता नहीं देंगे। टूट का दावा करने वाले रिजू दत्ता विधायक नहीं हैं। इधर, सोमवार को TMC से निकाले गए 2 विधायकों संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी ने कोलकाता के MLA हॉस्टल में TMC के कई विधायकों के साथ मीटिंग की।



ऋतब्रत बनर्जी हावड़ा से उलुबेरिया पुरबा सीट और संदीपन साहा मध्य कोलकाता के एंटाली से विधायक हैं।

### इस मामले में संविधान क्या कहता है

अगर किसी राष्ट्रीय/राज्य स्तर की पार्टी के विधायक बागी हो जाएं, तो वे सीधे पार्टी पर दावा नहीं कर सकते। यह मामला मुख्य रूप से दसवीं अनुसूची में दिए दलबदल कानून, पार्टी संगठन के संविधान और निर्वाचन आयोग के नियमों से तय होता है। 91वें संविधान संशोधन (2003) के बाद कम से कम दो-तिहाई विधायक मूल पार्टी से अलग होने का निर्णय लेते हैं, तो उन्हें अयोग्यता से छूट मिल सकती है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**बीजेपी ने कहा- टीएमसी के लिए हमारे दरवाजे बंदः पश्चिम बंगाल बीजेपी के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा टीएमसी के लिए हमारे दरवाजे बंद हैं। हमने किसी को बाहर से लाए बिना 207 का आंकड़ा छू लिया। इस बार हमारी राजनीतिक रणनीति जमीनी स्तर से शुरू हुई। हम ऐसे लोगों को अपनी पार्टी में कैसे शामिल कर सकते हैं जो दागी हैं? बीजेपी का तृणमूलीकरण कभी नहीं होगा।**

>> (शेष पेज 06 पर)

## स्वागत : कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, मंदिर दर्शन और पैदल मार्च के बाद पहुंचे अटल भवन

# भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के बाद जिले में पहुंचे दिलीप देव पटेल

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल के जिले में प्रथम आगमन पर मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत किया। जिला मुख्यालय स्थित पुरानी तहसील तिराहे पर बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पार्टी के समर्थन में नारे लगे और ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला गया।

जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जिले पहुंचे दिलीप देव पटेल ने पुरानी तहसील स्थित हनुमान मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ पैदल मार्च शुरू हुआ। यात्रा पटेल नगर पहुंची, जहां उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यकर्ताओं के साथ लगभग चार किलोमीटर की यात्रा के बाद दिलीप देव पटेल भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन पहुंचे। यहां महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।








### संगठन को मजबूत करना होगी प्राथमिकता

स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए दिलीप देव पटेल ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं का सम्मान और पार्टी कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने निवर्तमान जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के साथ कार्य करने के अनुभवों का उल्लेख करते हुए उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ताओं से मिलकर संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

>> (शेष पेज 06 पर)

**निवर्तमान जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों में सहयोग करने वाले पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।**

# अन्नामलाई ने गृह मंत्री शाह से की मुलाकात

### दावा- बीजेपी से सम्मानजनक विदाई चाहते हैं

**चर्चा**

तमसा संकेत, एजेंसी

चेन्नई/नई दिल्ली। तमिलनाडु BJP के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने मंगलवार को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने सुबह BJP अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष से भी मुलाकात की थी। उनके BJP छोड़ने की चर्चा है।

सूत्रों के मुताबिक, अन्नामलाई भाजपा से बिना टकराव वाली सम्मानजनक विदाई चाहते हैं। इसके बाद वे तमिलनाडु में 'राष्ट्रवादी-तमिल दर्शन' आधारित गैर-राजनीतिक आंदोलन शुरू करेंगे, जिसे जनभावनाओं के आधार पर बाद में राजनीतिक दल में बदला जा सकता है। अन्नामलाई 7 जून को अपने कोर समर्थकों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद आगे की रणनीति का ऐलान कर सकते हैं।



**तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में अन्नामलाई ने चुनाव भी नहीं लड़ा था।**

>> (शेष पेज 06 पर)

## घर से बदबू आने पर पता चला, पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची, बेटा लापता

# पति-पत्नी और बेटी की हत्या

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । प्रयागराज में ट्रिपल मर्डर की वारदात हुई है। पति-पत्नी और उनकी 40 साल की बेटी की हत्या कर दी गई। तीनों की लाश घर के अंदर मिली है। जबकि बाहर से घर का ताला बंद था। मंगलवार दोपहर घर से बदबू आई तो पड़ोसियों को शक हुआ।

पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया, आवाज लगाई। लेकिन, कोई रिस्पांस नहीं मिला। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस गेट तोड़कर अंदर पहुंची। कमरे में तीनों की लाश मिली। तीनों के सिर पर गहरा जख्म था। आसपास बहा खून सूख चुका था। डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि बेड पर वीरेंद्र कुमार वैश्य (70), उनकी पत्नी अंकिता (62) और बेटी मीनाक्षी (40) की लाश पड़ी हुई थी। वीरेंद्र का 38 साल बेटा अभिषेक भी है। वह लापता है। उसके बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है। वारदात साउथ मलाका में हीवेट रोड चौराहा की है। मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो निचली मंजिल से ऊपर जाने का रास्ता खुला था। ऊपर पहुंचने पर वहां गेट बंद मिला। बाहर से ताला लगा था। पुलिस ताला तुड़वाकर ऊपरी मंजिल पर पहुंची। ट्रिपल मर्डर पर पुलिस अभी दो एंगल पर जांच कर रही है। पहला- बेटे ने वारदात को अंजाम दिया। फिर खुद घर को बाहर से बंद करके चला गया। दूसरा- लूट या किसी अन्य वजह से हत्या की गई।



### दो मंजिला मकान, नीचे 14 दुकानें

वीरेंद्र कुमार वैश्य कारोबारी थे। चौराहे पर ही उनके दो मंजिला मकान के निचले हिस्से में 14 दुकानें हैं। 13 दुकानें किराए पर हैं। ऊपरी हिस्से में वह परिवार के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी, बेटी बेटे के अलावा एक छोटा बेटा था, जो कि कई सालों पहले लापता हो गया था। एक दुकान अविवाहित बेटी मीनाक्षी चलाती थी। वह गिफ्ट से जुड़े सामान बेचती थी। उसी दुकान पर खुद वीरेंद्र वैश्य भी बैठा करते थे। बेटा अभिषेक फ्लोर क्लीनिंग के काम से जुड़ा है। पड़ोसियों ने बताया कि वह तीन-चार दिन से नजर नहीं आया है।



तीन लाश मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

**पुलिस ने फॉरेसिक और डॉग स्कवॉयड की टीम को मौके पर बुलाया। तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सबसे पहले बेटे अभिषेक का पता लगाने की कोशिश कर रही है। उसके मोबाइल पर कॉल की तो वह बंद मिला।**

# प्रदूषण का पर्यावरण के साथ ही साथ मानव जीवन पर, पड़ता है व्यापक

## मानव से लेकर पशु पक्षियों के जीवन पर संकट के बादल मंडराने लगे

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । प्रदूषण देश की विकराल समस्या बन चुकी है जिसका पर्यावरण के साथ ही साथ मानव जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है बढ़ रहे प्रदूषण के चलते मानव से लेकर पशु पक्षियों के जीवन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं इसके लिए जिम्मेदार कौन है? प्रदूषण राष्ट्र की एक जटिल समस्या बन चुकी है हमारे चारों ओर की दूषित पारिस्थितिकी हमारे जीवन पर व्यापक प्रभाव डालती है प्रदूषण रूपी चादर ने समस्त प्राणियों को लपेट कर उन पर गहरा प्रभाव डालना शुरू कर दिया है दूषित पदार्थों के प्रवेश करने के कारण प्राकृतिक संतुलन में पैदा होने वाले दोषों से प्रदूषण उत्पन्न होता है जिसमें हवा पानी मिट्टी आदि का अवांछित द्रव्यों से दूषित होना , जिसका सजीवों पर प्रत्यक्ष रूप से दूषित प्रभाव पड़ता है इससे पारिस्थितिकी तंत्र को काफी नुकसान होता है वस्तुतः परिणाम यह है कि आज हमें कोई वस्तु शुद्ध रूप से नहीं प्राप्त होती है न तो स्वच्छ हवा मिल पाती न ही पीने का शुद्ध पानी प्राकृतिक संपदाओं के अंधाधुंध दोहन के चलते मानव शुद्ध ऑक्सीजन के लिए तरस रहा है आज संपूर्ण पर्यावरण ही दूषित हो चुका है। सवाल यहीं कि जनपद में वन विभाग गठित टीमों के द्वारा कई आरा मशीनों की 26 मई 26 को जांच की गयी तद शीशम, नीम आम आदि का भण्डारन पाया गया। कोई वैद्य कागज नहीं प्राप्त।



### पॉलिथीन पर पूर्ण रूप से अंकुश नहीं लग पाया

सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद भी पॉलिथीन पर पूर्ण रूप से अंकुश नहीं लग पाया है पर्यावरण का ही असर है कि घर के आंगन में फुदक कर ची ची चू चू का राग सुना करके सबका मन मोहने वाली गोरिया व मृत जानवरों का मांस भक्षण करके साफ सफाई करने वाले गिद्धों की प्रजातियां धीरे-धीरे विलुप्त हो चुकी है वनों की अंधाधुंध कटान के चलते मानव को न तो स्वच्छ आक्सीजन मिल पाती है न ही मानसूनी वर्षा समय पर होती है जो स्वच्छ पर्यावरण के लिए कतई शुभ संकेत नहीं है।

**फास्ट न्यूज**

### 70 मीटर सड़क नहीं बन रही साहब, बनवा दीजिये

वाराणसी। वाराणसी के नगर निगम के वार्ड नंबर-18 नई बस्ती में डेढ़ साल से 70 मीटर सड़क नहीं बनी है। जिसकी वजह से स्थानीय लोग परेशान है। मंगलवार को संभव जन सुनवाई में पहुंचे 30 मामलों में सबसे चर्चा में रहे इस मामले की शिकायत पवन गुप्ता ने लिखित रूप से नगर आयुक्त से की है। पवन ने बताया कि जेई नंबर नहीं उठाते हैं और पार्षद कहते हैं जिंदगी भर पार्षद रहा तो यहां की सड़क नहीं बनने दूंगा।

### आशा बहुओं ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

बाराबंकी। बाराबंकी में आशा बहु स्वास्थ्य समिति (उत्तर प्रदेश) की जिला इकाई ने मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपा। इसमें आशा एवं आशा संगिनियों के विभिन्न लंबित भुगतानों को शीघ्र जारी करने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष सुनीता देवी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि आशा कार्यकर्ताओं का प्रोत्साहन भुगतान, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण और टीकाकरण अभियान सहित कई योजनाओं का भुगतान लंबे समय से रुका हुआ है। इस कारण आशा बहुओं और संगिनियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### गाजियाबाद में सूर्या की हत्या के बाद 2 मदरसे सील

गाजियाबाद। गाजियाबाद में 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या के बाद प्रशासन ने मंगलवार को 2 मदरसे सील कर दिए। डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ और पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने खोड़ा में सूर्या की मां से मुलाकात की। खोड़ा नगर पालिका में नौकरी के लिए लेटर दिया। सूर्या के परिवार के किसी एक सदस्य को आउटसोर्स फर्म के जरिए सफाई सुपरवाइजर बनाया जाएगा।

## 10% फ्यूल सरचार्ज पर आयोग ने यूपीपीसीएल से जवाब मांगा

### यूपी में महंगी नहीं होगी बिजली?, पूछा- किस आधार पर लगाया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिल सकती है। 10% फ्यूल सरचार्ज (ईंधन अधिभार) को लेकर यूपी विद्युत नियामक आयोग ने यूपीपी-सीएल से 7 दिन में जवाब मांगा है। आयोग ने सोमवार को पूछा कि 10% फ्यूज सरचार्ज की गणना किस आधार पर की गई? 2 साल पुराना बकाया इसमें कैसे जोड़ा गया?

दरअसल, यूपीपीसीएल ने जून महीने के लिए 10% फ्यूल सरचार्ज बढ़ा दिया था। भीषण गर्मी और बिजली कटौती के बीच फ्यूल सरचार्ज में की गई बड़ी बढ़ोतरी का पूरे प्रदेश में जबरदस्त विरोध हो रहा है। यूपीपीसीएल ने नियमों को ताक पर रखते हुए फ्यूज सरचार्ज में 2 साल पुराना 1400 करोड़ बकाया वसूलने का प्रावधान जोड़ा था। नियमानुसार, 2 महीने पहले बिजली खरीदी की लागत में आने वाले गैप की राशि के आधार पर ही फ्यूल सरचार्ज की गणना हो सकती है।



यूपीपीसीएल अगर 10% फ्यूल एवं पावर परचेज कॉस्ट एडजस्टमेंट (FPPCA) में 2 साल पुरानी बकाया राशि जोड़ने का तर्क साबित नहीं कर पाई, तो उपभोक्ताओं को सिर्फ 2% ही FPPCA ही देना पड़ेगा। मतलब 100 रुपए की राशि पर सिर्फ 2 रुपए ही बढ़कर बिल आएगा। यूपीपीसीएल की इस मनमानी के खिलाफ सोमवार को उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने जनहित एवं लोक महत्व प्रत्यावेदन दाखिल किया था। इस पर आयोग अध्यक्ष से तुरंत संज्ञान लेने की अपील की थी।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**किसानों का कहना था कि गर्मी के मौसम में कई गांवों में हैंडपंप खराब होने से पेयजल संकट गहरा गया है, जिससे ग्रामीणों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों का गंभीरता से संज्ञान लिया जाएगा।**

### बीडीओ ने दिया समाधान का आश्वासन

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सूरतगंज ब्लॉक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) देवेंद्र प्रताप सिंह को पांच सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। इस दौरान किसानों ने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। भाकियू के सूरतगंज ब्लॉक अध्यक्ष निर्मल कुमार वर्मा के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने बताया कि क्षेत्र के कई गांवों में सड़कें जर्जर स्थिति में हैं, जिससे ग्रामीणों और किसानों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कई स्थानों पर नालियों का निर्माण अधूरा है या उनकी सफाई नहीं हो रही है, जिसके कारण जलभराव की समस्या बनी रहती है।



किसानों ने ज्ञापन में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित की गई पानी की टंकियों के संचालन का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से बनीं कई पानी की टंकियां नियमित रूप से संचालित नहीं हो रही हैं, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसानों ने इन योजनाओं को निर्बाध रूप से संचालित कर प्रत्येक घर तक पेयजल पहुंचाने की मांग की।

## बैंक प्रबंधक और बैंक मित्र के पति पर उत्पीड़न का आरोप

### पीड़ित ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। रामनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम महार निवासी एक युवक ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की महादेवा शाखा के प्रबंधक एवं बैंक मित्र के पति पर मानसिक उत्पीड़न, अभद्र व्यवहार और धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम महार निवासी रूपेश मिश्रा ने मंगलवार को जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी वृद्ध दादी सुशीला देवी के नाम पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की महादेवा शाखा से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के तहत ऋण लिया गया था, जिसकी कुछ राशि वर्तमान में बकाया है। उन्होंने बताया कि दादी की बढ़ती उम्र और बीमारी के कारण उपचार पर लगातार खर्च हो रहा है। साथ ही स्वयं की भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं और आर्थिक तंगी के चलते वह फिलहाल ऋण की बकाया राशि जमा करने में असमर्थ हैं। पीड़ित का आरोप है कि उनकी आर्थिक स्थिति और पारिवारिक मजबूरियों को समझने के बजाय बैंक शाखा प्रबंधक तथा बैंक मित्र के पति देवेंद्र कुमार मिश्रा लगातार उन पर दबाव बना रहे हैं। रूपेश का कहना है कि अमीन के मोबाइल फोन से उन्हें कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा तरह-तरह की धमकियां दी गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वह अपनी समस्या बताने और समाधान की उम्मीद लेकर बैंक पहुंचे तो वहां भी उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया गया। पीड़ित के अनुसार शाखा प्रबंधक और देवेंद्र कुमार मिश्रा ने उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें अपमानित कर बैंक परिसर से भगा दिया।

## यूपी के रहने वाले, कार में ला रहे थे, पुलिस ने नाकाबंदी में दबोचे


# फतेहाबाद में करीब तीन किलो अफीम समेत 4 युवक गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

फतेहाबाद । यूपी से अफीम बेचने फतेहाबाद आ रहे चार युवकों को पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने पकड़ा है। युवक कार में सवार होकर फतेहाबाद की ओर आ रहे थे। इसी दौरान धांगड़ बाईपास पुल के पास एएनसी टीम ने पकड़ लिया। इनके कब्जे से दो किलो 937 ग्राम अफीम बरामद की गई है।

सदर थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपी यूपी के जिला कासगंज और बदायुं के रहने वाले हैं। पुलिस उनसे उनके नेटवर्क के बारे में पूछताछ करने में जुट गई है।

कार चला रहे युवक ने अपना नाम यूपी के बदायुं जिले के गांव गुडाना निवासी आनंद कुमार बताया। उसके साथ बैठे युवकों की पहचान यूपी के जिला कासगंज के गांव नरदौली निवासी श्याम पाठक, गांव नरदौली निवासी ब्रहमानंद और यूपी के जिला सहजानपुर के गांव इकरीखेड़ा निवासी संजीव उर्फ संजू के रूप में हुई। उनके पास नशीला पदार्थ होने की आशंका के चलते ईटीओ शमशेर सिंह को मौके पर बुलाया गया। इस दौरान तलाशी लेने पर श्याम पाठक के हाथ में लिए बैग से प्लास्टिक डिब्बे में अफीम बरामद हुई। इसका वजन किया गया तो 2 किलो 937 ग्राम अफीम निकली। चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 18बी-61-85 के तहत केस दर्ज किया गया है।



मामले की जानकारी देती एएसपी दिव्यांशी सिंगला।

### मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की कार्रवाई

एंटी नारकोटिक्स सेल के एएसआई रामअवतार ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ फतेहाबाद के नए बस अड्डे के सामने गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना आई कि चार युवक यूपी से कार में अफीम बेचने आ रहे हैं। इसके बाद हिसार रोड पर धांगड़ बाईपास पुल के नीचे वाहनों की जांच शुरू की। कुछ देर बाद हिसार रोड की तरफ से टाटा टियागो कार आई। पुलिस की नाकेबंदी देखकर कार ड्राइवर घबरा कर वापस मोड़ने लगा। मगर पीछे गाड़ियां आने के कारण गाड़ी मोड़ नहीं सका। इसके बाद उनकी टीम ने घेरा डालकर कार में बैठे चारों युवकों को काबू कर उनसे पूछताछ की।

### रायबरेली के रेस्टोरेंट में परोसा गया कीड़ा

सलोन। रायबरेली के एक रेस्टोरेंट में परोसे गए भोजन में कथित रूप से कीड़ा मिलने के चार साल पुराने मामले में उपभोक्ता को बड़ी राहत मिली है। कानपुर नगर के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने रेस्टोरेंट को सेवा में कमी और लापरवाही का दोषी मानते हुए पीड़ित उपभोक्ता को 1 लाख रुपये क्षतिपूर्ति और 5 हजार रुपये वाद व्यय के रूप में देने का आदेश दिया है। मामला 21 अगस्त 2021 का है। सलोन क्षेत्र निवासी अधिवक्ता सुशील कुमार तिवारी अपने जन्मदिन के अवसर पर परिवार के साथ रायबरेली स्थित एक रेस्टोरेंट में रात्रि भोज करने पहुंचे थे। आरोप है कि भोजन के दौरान उनकी पत्नी गायत्री तिवारी की थाली में परोसी गई दाल में एक कीड़ा दिखाई दिया। इसकी शिकायत रेस्टोरेंट कर्मचारियों से की गई, लेकिन कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। परिवादी के अनुसार, घर लौटने के बाद गायत्री तिवारी की तबीयत खराब हो गई और उन्हें उल्टियां होने लगीं।

## प्रयागराज में सपाई सड़क पर उतरे, जमकर नारेबाजी

### पेपर लीक, महंगाई समेत अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरा

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। नीट परीक्षा के बाद अब लेखपाल भर्ती परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। प्रतियोगी छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद अब राजनीतिक दल भी इस मुद्दे पर खुलकर मैदान में हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेशभर में तहसील स्तर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संगम नगरी प्रयागराज में भी समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय की ओर कूच कर गए। बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में काफी देर तक प्रदर्शन किया। प्रदेश और केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। कथित पेपर लीक मामले के अलावा डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतें, महंगाई, महिला उत्पीड़न और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया।




सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार लगातार भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने में विफल रही है। लाखों प्रतियोगी छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक होने से युवाओं का विश्वास व्यवस्था से उठता जा रहा है। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर ऐसी परिस्थितियां पैदा कर रही है।

**प्रस्तुति :** रामवीर शर्मा ने प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश दिया

# विश्व पर्यावरण महोत्सव : छात्र काव्य संगोष्ठी सम्पन्न

तमसा संकेत, संदवादाता

बरेली। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली द्वारा Environment, Agriculture and Education Society (EAES), Bareilly एवं BRIJ Vigyan Bharti के सहयोग से आयोजित "7-दिवसीय विश्व पर्यावरण महोत्सव – 2026" के चतुर्थ दिवस पर छात्र काव्य संगोष्ठी एवं काव्य पाठ का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रबन्धन समिति के सचिव श्री देवमूर्ति के संरक्षण, प्राचार्य प्रो. ओ.पी. राय के निर्देशन तथा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक डॉ. अतुल यादव एवं पूर्व निदेशक प्रो. ए.पी. सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हो रहा है ।

काव्य संगोष्ठी में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति प्रेम एवं मानवीय संवेदनाओं से ओत-प्रोत रचनाओं का प्रभावशाली पाठ किया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं ने कविताओं का भरपूर आनंद लिया।



इस अवसर पर सुकवि ऋतेश कुमार साहनी ने अपनी ओजपूर्ण कविता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा—

पर्यावरण का रखें ध्यान,
मानवता का सदा ही भान।
बुजुर्गों ने सच कहा है,
एक पेड़ सौ पुत्र समान।

उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। रामवीर शर्मा ने भी अपनी कविता के माध्यम से प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश दिया। वहीं शिवानी गुप्ता ने ₹चलो प्रकृति का गीत लिखूं₹ कविता का भावपूर्ण पाठ कर श्रोताओं को प्रकृति के प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित किया।

**कार्यक्रम में प्रो. अनामिका अग्रवाल, प्रो. गौरव भूषण एवं प्रो. निष्ठा सेठ की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन शोधार्थी अंजली द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश कुमार, प्रियंका, माहिरा, निकिता, प्रदीप एवं अभिषेक का विशेष सहयोग रहा।**



### कविता समाज में जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त माध्यम

इस अवसर पर पूर्व निदेशक, स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम, प्रो. ए.पी. सिंह ने काव्य संगोष्ठी की सराहना करते हुए कहा कि कविता समाज में जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति की प्रशंसा की।

विभागाध्यक्ष प्रो. जसपाल सिंह ने कहा कि काव्य केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर युवाओं की रचनात्मक अभिव्यक्ति समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## हनुमानगढ़ी में भक्तों की लंबी कतारें, बड़े मंगलवार पर भंडारे का आयोजन

# अधिकमास के मंगलवार पर उमड़ा आस्था का सैलाब

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या । अयोध्या में पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के पावन मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। संकटमोचन भगवान हनुमान के दर्शन-पूजन के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरे दिन जय श्रीराम तथा बजरंगबली के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने हनुमानगढ़ी में दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। अधिक मास में पड़ने वाले मंगलवार के विशेष महत्व के कारण श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक रही। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए मंदिर प्रशासन तथा पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गईं।




हनुमानगढ़ी के आसपास के मार्गों पर सुबह से ही भारी भीड़ दिखाई दी। श्रद्धालु प्रसाद, नारियल और सिंदूर अर्पित कर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त करते नजर आए। कई श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान के बाद हनुमानगढ़ी पहुंचकर पूजा-अर्चना की। धार्मिक मान्यता है कि अधिक मास में भगवान विष्णु और उनके परम भक्त हनुमानजी की उपासना विशेष फलदायी होती है। इसी कारण पुरुषोत्तम मास के मंगलवार को दर्शन-पूजन का महत्व और बढ़ जाता है। रामनगरी में दिनभर भजन-कीर्तन, रामनाम संकीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम भी जारी रहा।

**भक्तों का कहना है कि अधिक मास में अयोध्या धाम आकर प्रभु श्रीराम और बजरंगबली के दर्शन करने से मन को अद्भुत शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। वहीं प्रशासन ने श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखते हुए निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन करने की अपील की है।**

# आलापुर क्षेत्र के गांव में हुई घटना, गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

# धीरे बाइक चलाने की नसीहत पड़ी भारी, धक्का लगने से वृद्ध की मौत



**कहासुनी**

तमसा संकेत, संवाददाता

आलापुर (अम्बेडकरनगर)। गांव की सड़क पर तेज रफ्तार बाइक को लेकर हुई मामूली कहासुनी कुछ ही मिनटों में ऐसी घटना में बदल गई, जिसका अंत एक वृद्ध की मौत के साथ हुआ। आलापुर थाना क्षेत्र के वहिगवा जोगीपुर गांव में 70 वर्षीय जैनुल्लाह की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बाइक की रफ्तार कम करने की सलाह देने पर दो युवकों ने उन्हें धक्का दे दिया था।

सोमवार रात करीब 10 बजे जैनुल्लाह अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान गांव का एक युवक



तेज रफ्तार बाइक से वहां से गुजरा। परिजनों के अनुसार, जैनुल्लाह ने उसे रोककर गांव के भीतर धीरे वाहन चलाने की बात कही। आरोप है कि इस बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। मृतक के पुत्र बैतुल्लाह की तहरीर पर पुलिस ने मेहराज उर्फ छोटू और कौशल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव की एक साधारण रात में शुरू हुआ यह विवाद अब पुलिस जांच का विषय बन गया है। एक सलाह, एक धक्का और फिर एक मौत ने पूरे गांव को चर्चा में ला दिया है।

### मौत की खबर से गांव में मचा हड़कंप

वृद्ध की मौत की सूचना फैलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनने लगी, लेकिन पुलिस की सक्रियता से माहौल सामान्य बना रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की और स्थिति पर नजर रखी।

### सड़क किनारे शुरू हुआ विवाद, गिरते ही बिगड़ गई हालत

तहरीर के मुताबिक, कुछ ही देर में कहासुनी बढ़ गई। आरोप है कि युवक अपने साथी के साथ बाइक से उतरा और दोनों ने वृद्ध को धक्का दे दिया। धक्का लगते ही जैनुल्लाह संतुलन खो बैठे और सड़क पर गिर पड़े। गिरने के बाद उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजन घायल वृद्ध को तत्काल अस्पताल लेकर गए। चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उनकी जान नहीं बच सकी।

# मिट्टी उठाकर दूसरे खेत में डलवाने का आरोप, थाने में दी गई तहरीर

## महिला ने कई लोगों पर साजिश के तहत नुकसान पहुंचाने का लगाया आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। बेवाना थाना क्षेत्र में एक महिला ने भूमि पर डलवाई गई मिट्टी को जेसीबी से उठाकर दूसरे खेत में डलवाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मामले में महिला ने कई नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

बहलोलपुर निवासी शाहजहां खातून ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी पुत्री की भूमि ग्राम रसूलपुर दियारा क्षेत्र में स्थित है। आरोप है कि 26 मई को भूमि के उपयोग के लिए वहां मिट्टी डलवाई गई थी। महिला का कहना है कि अगले दिन 27 मई को कुछ लोगों ने कथित रूप से जेसीबी मशीन की मदद से उक्त मिट्टी को हटवा दिया। आरोप है कि मिट्टी को दूसरे गाटा संख्या की भूमि में डलवा दिया गया,



जिससे उनका नुकसान हुआ।

तहरीर के अनुसार घटना की जानकारी मिलने पर महिला ने अपने रिश्तेदारों को सूचना दी। इसके बाद परिजनों ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। महिला का आरोप है कि सूचना दिए जाने तक मिट्टी हटाने का कार्य जारी था।

प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि विरोध करने पर कथित रूप से गाली-गलौज और धमकी दी गई। महिला का कहना है कि घटना का वीडियो बनाए जाने की कोशिश होने पर संबंधित लोग वहां से चले गए। शाहजहां खातून ने मामले में नामजद आरोपितों तथा कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस से एफआ-ईआर दर्ज कर मामले की जांच कराने और नुकसान की भरपाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। बेवाना थाना पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में लगाए गए आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले में पुलिस की जांच और रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल तहरीर के आधार पर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

**फास्ट न्यूज**

### बड़े मंगल पर सेवा और श्रद्धा का संगम

जलालपुर। ज्येष्ठ माह के पंचम बड़े मंगल के अवसर पर कस्बे के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में श्रद्धा और सेवा का वातावरण देखने को मिला। मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए फल एवं जलपान वितरण का आयोजन किया गया। आयोजक हरिचरण निषाद की ओर से मंदिर के सामने आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए फल व शीतल जलपान की व्यवस्था की गई।

### तीन दिवसीय कबूतर उड़ान प्रतियोगिता संपन्न

हंसवर (अम्बेडकरनगर)। जेडपी फ्लाइंग पिजन एसोसिएशन के तत्वावधान में हंसवर में आयोजित तीन दिवसीय कबूतर उड़ान प्रतियोगिता का समापन समारोह संपन्न हो गया। समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि महफूजुल हसन उर्फ मुन्ना और विशिष्ट अतिथि अनीस खान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगि-ताएं खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ प्रतिभागियों के बीच आपसी सहयोग और सौहार्द को भी मजबूत करती हैं।

### छात्रा समेत 3 लोगों ने किया सुसाइड

कानपुर। कानपुर में 24 घंटे के भीतर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा समेत 3 लोगों ने फंदा लगाकर जान दे दी। ये घटनाएं नौबस्ता, सचेंडी और स्वरूप नगर थानाक्षेत्रों में हुई। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। सचेंडी थानाक्षेत्र के जुगराजपुर, चकरपुर गांव निवासी सिक्योरिटी गार्ड महेंद्र वीर सिंह ने बताया कि परिवार में पत्नी रूबी और 2 बच्चे उत्कर्ष और दिव्यांशी (17) थी।

# सड़क सुरक्षा सद्भावना कप में डॉक्टर्स इलेवन का दबदबा

## टीचर्स इलेवन को 68 रन से हराया

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आराध्या श्री फाउंडेशन की ओर से आयोजित सड़क सुरक्षा सद्भावना कप में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में डॉक्टर्स इलेवन ने टीचर्स इलेवन अंबेडकरनगर को 68 रन से पराजित कर जीत दर्ज की। रगड़गंज स्थित वीसीए क्रिकेट मैदान पर हुए मैच में बल्लेबाज विमल कीर्ति और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन ने जीत की नींव रखी।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डॉक्टर्स इलेवन की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने शुरुआती दो ओवर में मात्र तीन रन के स्कोर पर चार विकेट गंवा दिए। मुश्किल परिस्थितियों में कप्तान जी.डी. वर्मा ने पारी को संभाला और टीम को संकट से उबारा। उन्होंने 25 रन का योगदान देते हुए प्रवेश वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 41



रन और विमल कीर्ति के साथ छठे विकेट के लिए 70 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने आए विमल कीर्ति ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए 84 रन की शानदार पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 10 छक्के और तीन चौके लगाए। प्रवेश वर्मा ने भी 24 रन का योगदान दिया। इन पारियों की बदौलत डॉक्टर्स इलेवन ने 14.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 164 रन बनाए। टीचर्स इलेवन की ओर से राजमान ने चार विकेट हासिल किए, जबकि कृष्ण कुमार ने दो खिलाड़ियों को आउट किया।

# आरक्षी भर्ती परीक्षा का काउंटडाउन शुरू 10 केंद्रों पर होगी सिपाही बनने की दौड़

## तीन दिन चलेगी परीक्षा, 4368 अभ्यर्थियों पर रहेगी सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी नजर

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर जिले में तैयारियां अंतिम रूप ले चुकी हैं। आठ, नौ और 10 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा, यातायात और केंद्र प्रबंधन की व्यापक व्यवस्था की है। जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर कुल 4368 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि परीक्षा का आयोजन सम्मनपुर, अकबरपुर, टांडा और अहिरौली थाना क्षेत्र के केंद्रों पर किया जाएगा। सभी केंद्रों पर सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए रेलवे स्टेशन और बस स्टेशनों पर भी



अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। परीक्षा अवधि के दौरान प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

परीक्षा के दिनों में यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए 22 पुलिसकर्मियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रमुख मार्गों और परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात संचालन पर लगातार नजर रखी जाएगी। जरूरत पड़ने पर मार्गों पर अतिरिक्त व्यवस्था भी लागू की जा सकती है।

### 10 केंद्र, 4368 अभ्यर्थी और सुरक्षा का बहुस्तरीय घेरा

भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए 322 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। इसके अलावा अधिकारियों को लगातार निगरानी रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया है। सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों की आवाजाही और व्यवस्थाओं पर विशेष नजर रखी जाएगी।

# एआईएमआईएम प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

## कानून व्यवस्था और त्वरित कार्रवाई को लेकर जताया आभार

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह से मुलाकात कर जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा विभिन्न मामलों में पुलिस की ओर से की जा रही कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान जनहित से जुड़े कई विषयों पर भी चर्चा हुई।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हाल के दिनों में जनपद पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था बनाए रखने और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए किए गए प्रयासों का प्रभाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने विभिन्न मामलों में पुलिस की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है।

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमं-डल ने सम्मनपुर क्षेत्र के साहिल



हत्याकांड में पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई का भी उल्लेख किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि मामले में पुलिस की सक्रियता से घटना के खुलासे और विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया को गति मिली।

प्रदेश सचिव मुराद अली और जिलाध्यक्ष गुलाम दस्तगीर अंसारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने कानून व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के संबंध में अपने सुझाव भी साझा किए।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## 37 लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य, गांव से शहर तक होंगे विशेष कार्यक्रम

# विश्व पर्यावरण दिवस पर चलेगा 'एक पेड़ माँ के नाम' महाअभियान

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को जनपद में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत व्यापक वृक्षारोपण और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शासन के निर्देश पर वन विभाग, विभिन्न सरकारी विभागों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता से जिलेभर में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत अम्बेडकरनगर को 37 लाख से अधिक पौधे रोपित करने का लक्ष्य मिला है। इसमें वन विभाग को 16



लाख तथा अन्य विभागों को 21.80 लाख से अधिक पौधे लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्व पर्यावरण दिवस-2026 की थीम "प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए – हमारे भविष्य के लिए" के अनुरूप जिले में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत गोष्ठियां, पर्यावरण शपथ, जागरूकता रैलियां और स्वच्छता गतिविधियां आयोजित होंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### अमृत सरोवरों से लेकर सड़कों के किनारे तक होगा पौधरोपण

अभियान के तहत अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों और नहरों के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप पारंपरिक प्रजातियों और फलदार पौधों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। सभी कार्यक्रमों को प्लास्टिक मुक्त रखने पर भी जोर दिया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी विकास खंडों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और शैक्षणिक संस्थानों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं। साथ ही जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

**'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का उद्देश्य केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है। इसके माध्यम से लोगों को अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि पौधों का संरक्षण पर्यावरण संतुलन और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक है।**

# मानसून से पहले नालों की सफाई तेज करने के निर्देश

## नगर निकायों से मांगी नालेवार कार्ययोजना, सफाई कार्य का होगा सत्यापन

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए जिला प्रशासन ने नगर निकायों में सफाई और जल निकासी व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर नालों की सफाई और जलभराव रोकने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्सना बंधु तथा विभिन्न नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी एवं सत्यापन समिति के सदस्य मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी नगर



निकायों को निर्देशित किया कि मानसून आने से पहले क्षेत्र के सभी प्रमुख और छोटे नालों की सफाई अभियान चलाकर पूरी कराई जाए। इसके लिए नालेवार और तिथिवार कार्ययोजना तैयार कर प्रशासन को उपलब्ध कराने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि सफाई कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रभाव भी दिखाई देना चाहिए। प्रत्येक नगर निकाय यह सुनिश्चित करे कि वर्षा के दौरान जल निकासी में किसी प्रकार की बाधा न आए और जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

बैठक में नालों की सफाई के बाद उसके सत्यापन पर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक नाले की सफाई पूरी होने के बाद सत्यापन समिति मौके पर जाकर कार्य की गुणवत्ता की जांच करे और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

उन्होंने कहा कि जिन नालों की सफाई पहले ही कराई जा चुकी है, उनका भी सत्यापन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि सफाई कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हुआ है या नहीं।

# हत्या के प्रयास में छह दोषियों को पांच-पांच वर्ष की सजा

## 12 वर्ष पुराने जमीनी विवाद के मामले में अदालत का फैसला

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जमीनी विवाद में हुए हमले के एक मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) रामविलास सिंह की अदालत ने छह आरोपितों को दोषी ठहराते हुए पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 11-11 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

मामला हंसवर थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर मुसलमान गांव का है। अभियोजन के अनुसार 10 जून 2014 को जमीनी विवाद को लेकर रामबसंत पाल के घर के सामने विवाद हुआ था। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने गाली-गलौज के बाद उन पर हमला कर दिया। हमले में रामबसंत गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के दौरान शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर



पहुंचे। अभियोजन पक्ष के अनुसार इस दौरान आरोपितों ने लाठी-डंडों और ईंटों से हमला किया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद आरोपित वहां से चले गए। घटना के संबंध में प्रेमचंद्र पाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना पूरी होने के बाद आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपों को साबित करने का प्रयास किया। सत्र परीक्षण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुभाष चंद्र वर्मा ने अभियोजन पक्ष की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किए।

**चर्चा : संतरविदासनगर स्थानांतरित हुईं अधिशासी अधिकारी**

# अकबरपुर नगर पालिका को नई कमान

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। नगर पालिका परिषद अकबरपुर की अधिशासी अधिकारी बीना सिंह का स्थानांतरण संत रविदास नगर जनपद के गोपीगंज नगर निकाय में कर दिया गया है। उनके स्थान पर बलरामपुर जिले की उतरौला नगर पालिका में तैनात अधिशासी अधिकारी राजमणि को अकबरपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासनिक फेरबदल के बीच बीना सिंह का कार्यकाल नगर क्षेत्र में किए गए कार्यों और प्रशासनिक सक्रियता को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। बीना सिंह के कार्यकाल में नगर निकाय की विभिन्न विकास परियो-जनाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की नियमित समीक्षा की गई।



योजनाओं के क्रियान्वयन में समय-बद्धता और निगरानी को प्राथमिकता दी गई, जिससे कई कार्यों को गति मिली। नगर पालिका के दैनिक कार्यों से लेकर शासन की योजनाओं के संचालन तक उनकी सक्रिय भूमिका देखने को मिली। अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की शैली भी उनके कार्यकाल की विशेषता रही।

नगर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में भी उनकी कार्यशैली अलग दिखाई दी। कई मामलों में मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की कार्यप्रणाली को लोगों ने सराहा। यही कारण रहा कि नगर पालिका की प्रशासनिक गतिविधियों में निरंतरता बनी रही। स्थानांतरण के बाद बीना सिंह अब गोपीगंज नगर निकाय में अपनी सेवाएं देंगी। वहीं राजमणि अकबरपुर नगर पालिका की नई कमान संभालेंगे। प्रशासनिक बदलाव के इस दौर में बीना सिंह का कार्यकाल नगर निकाय में स्वच्छता, विकास कार्यों की निगरानी और प्रशासनिक सक्रियता के लिए याद किया जाएगा।

### सफाई व्यवस्था को दी नई गति, मैदान से लेकर मोहल्लों तक दिखी सक्रियता

अकबरपुर नगर पालिका में तैनाती के दौरान बीना सिंह ने सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता में रखा। नालों की सफाई, कूड़ा निस्तारण और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाए गए। नगर के विभिन्न वार्डों में नियमित निरीक्षण और व्यवस्थाओं की निगरानी के कारण सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका की सक्रियता कई बार चर्चा में रही।

बरसात से पहले जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने और प्रमुख नालों की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया। नगर क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर जनसहभागिता बढ़ाने के प्रयास भी किए गए।

# जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक सम्मानित

तमसा संकेत, संवाददाता

आलापुर (अम्बेडकरनगर)। जनगणना-2027 की तैयारियों के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों को आलापुर तहसील प्रशासन ने सम्मानित किया। बसुधा सिंह सभागार में आयोजित कार्यक्रम में समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से कार्य पूरा करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

सम्मान समारोह में उपजिलाधि-कारी सुभाष सिंह धामी और तहसी-लदार पद्मेश श्रीवास्तव ने प्रगणकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्धारण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें कार्यरत कर्मियों की भूमिका बेहद अहम होती है। रामनगर और जहांगीरगंज विकास खंड क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अनूप कुमार शुक्ल, अबू शाद, अनिल कुमार यादव, राणा यशवंत सिंह, अरुण कुमार मिश्र,



**समय से पहले दायित्व पूरा करने पर तहसील प्रशासन ने दिए प्रशस्ति-पत्र**

विवेक कुमार वर्मा, अजीत कुमार यादव, मुकेश कुमार, हीरालाल और राकेश कुमार को सम्मानित किया गया। इन कर्मियों ने निर्धारित समय से पहले अपने दायित्वों का निर्वहन कर प्रशासन की सराहना प्राप्त की।

उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह धामी ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों के संकलन का कार्य नहीं है, बल्कि यह देश की विकास योजनाओं और भविष्य की नीतियों का आधार भी बनती है।

## सम्पादकीय

# खेत बचाओ अभियान



यह अच्छा है कि पश्चिम एशिया संकट के चलते रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति में कठिनाई और उनके मूल्यों में वृद्धि को देखते हुए केंद्र सरकार ने खेत बचाओ अभियान शुरू किया। इस अभियान को शुरू करने के पहले केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिस तरह देश भर के कृषि विज्ञान केंद्रों, आइसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों और किसान संगठनों से गहन संवाद किया, उससे यह पता चलता है कि वे इस अभियान को वास्तव में सफल होते हुए देखना चाहते हैं। ऐसे किसी अभियान की सफलता जन भागीदारी और जागरूकता के माध्यम से ही संभव है। निःसंदेह इस अभियान में केंद्र सरकार को राज्यों का सक्रिय सहयोग चाहिए होगा। इसी तरह यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि आम किसान यह समझें कि रासायनिक उवर्रकों का आवश्यकता से अधिक उपयोग केवल खेती की लागत ही नहीं बढ़ाता, बल्कि खेतों की मिट्टी की उर्वर क्षमता को भी कम करता है। इसके अतिरिक्त भूजल भी दूषित होता है। एक ऐसे समय जब जलवायु बदल रही है, तब उर्वरकों का अंसतुलित उपयोग खेती के सामने गंभीर चुनौती बन रहा है।

समस्या यह है कि औसत किसान यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उर्वरकों का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल अंततः उनके लिए घाटे का सौदा ही सिद्ध होता है, क्योंकि प्रारंभ में तो फसल अच्छी होती है, लेकिन समय के साथ खेतों की मिट्टी दूषित हो जाने के कारण उपज प्रभावित होती है।

वैसे तो प्रधानमंत्री ऐसी अपील करते रहे हैं कि किसान रासायनिक उर्वरकों का सही उपयोग करने के लिए खेतों की मिट्टी का परीक्षण कराएं और जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा दें, लेकिन इसके बाद भी अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो पाए और रासायनिक खादों का अंधाधुंध उपयोग जारी है। इसका एक कारण उवर्रकों पर दी जाने वाली सब्सिडी भी है। एक आंकड़े के अनुसार वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार ने 1.7 लाख करोड़ रुपये उर्वरक सब्सिडी पर खर्च किए।

इस वर्ष यह खर्च कहीं अधिक बढ़ने के आसार हैं, क्योंकि अधिकतर उर्वरकों का आयात किया जाता है और अमेरिका-ईरान तनाव के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनके मूल्य बढ़ते जा रहे हैं। उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा की मानें तो जहां दो बोरी उर्वरक के उपयोग की आवश्यकता होती है, वहां किसान चार बोरी का उपयोग करते हैं। वास्तव में जब भी कोई वस्तु सब्सिडी के चलते कम मूल्य पर उपलब्ध कराई जाती है तो उसका अनावश्यक उपयोग बढ़ जाता है। तथ्य यह भी है कि किसानों को सस्ते मूल्य पर उपलब्ध कराए जाने वाले उर्वरक की कालाबाजारी भी होती है, क्योंकि उसका इस्तेमाल औद्योगिक रसायन के रूप में भी होता है।

# विकास के पथ पर अग्रसर होना

आनुशासन परम तत्त्व हैं । आनुशासन जीवन में आ जाता हैं तो आदमी का जीवन विकासशील बन जाता हैं । वह अपने जीवन में शांति का अनुभव कर सकता हैं । गीतकार ने कहा हैं कि तुम कर्म करने के अधिकारी हों, फलाशंसा मत रखो । वह पुरुषार्थ करने पर कभी सफलता न भी मिले तो मैं कर्म करूंगा ही नहीं, ऐसी भावना हमारे मन में न आए । वह अकर्म के प्रति हमारे मन में आसक्ति का भाव नहीं जागें । गीता में आसक्ति को छोड़ने का उपदेश दिया गया हैं । वह उत्तराध्ययन सूत्र में भी हमको अनुशासन की बात मिलती हैं, वह आसक्ति को छोड़ने की भी बात मिलती हैं । शास्त्रों के अनुसार मनुष्य जन्म का उद्देश्य ऐसी साधना करना है कि इस एक जन्म में नहीं तो आगे के कई जन्मों में तो जन्म-मरण के चक्कर से छुटकारा पाने के मार्ग पर अग्रसर हो सकना हैं । इसीलिए अन्य प्राणियों की अपेक्षा मनुष्य में चिन्तन की, भावनाओं की, दृष्टिकोण आदि की अद्भुत क्षमता है। आदर्श पुरुष वह है जो इस बात को समझता है और इसी उद्देश्य की पूर्ति में जीवन का उपयोग करता है। पर विडंबना है अधिकांश मनुष्यों का जीवन जीविकोपार्जन व भौतिकता के संवर्द्धन में ही व्यतीत होता है। संसार के छोटे से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक के बड़े-बड़े युद्ध के यही निमित्त होते हैं। सबके सब जीवन का मूल ध्येय दिमाग से ही निकाल कर इस कदर फेंक देते हैं कि उसके अस्तित्व के उद्देश्य से ही बेखबर हो जाते हैं। यदि सौभाग्यवश किसी के मन में किंचित मात्र भी इसका अवशेष शेष है तो समझें कि वह मनुष्य आज इस दुनिया में विशेष ही नहीं अति विशेष है । गलती कोई बड़ी नहीं होती बस उसे स्वीकार ना करना औरउससे दूर भागना उसे बड़ा बना देता है। अबोध गलती करो चाहे हजार, मगर एक गलती ना हो दूसरी बार।

› प्रदीप छाजेड़

# स्वस्थ जीवन एवं स्वस्थ पर्यावरण का आधार है साइकिल



> पर्यावरणीय दृष्टि से साइकिल का महत्व और भी अधिक है। विश्व के बड़े शहर बढ़ते प्रदूषण और ट्रैफिक जाम से त्रस्त हैं। मोटर वाहनों से निकलने वाला धुआँ वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण है, जो न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी घातक है।



हर वर्ष 3 जून को मनाया जाने वाला विश्व साइकिल दिवस केवल एक साधारण वाहन के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता और सतत विकास के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, बढ़ती बीमारियों और यातायात संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब साइकिल एक ऐसे सरल समाधान के रूप में उभरती है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र-तीनों के लिए समान रूप से लाभकारी है। विश्व साइकिल दिवस 2026 की थीम 'हरियाली भरे भविष्य के लिए साइकिल चलाना' (Cycling for a Greener Future) अत्यंत सार्थक और समयानुकूल है। यह थीम हमें याद दिलाती है कि यदि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित पृथ्वी छोड़नी है, तो हमें अपने परिवहन के तौर-तरीकों में बदलाव लाना होगा और साइकिल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा।

साइकिल मानव सभ्यता के उन आविष्कारों में से एक है जिसने दो शताब्दियों से अधिक समय तक अपनी उपयोगिता बनाए रखी है। तकनीकी क्रांति के इस युग में भी इसकी प्रासंगिकता कम नहीं हुई है, बल्कि नई चुनौतियों के बीच इसका महत्व और बढ़ गया है। यह एक ऐसा वाहन है जो बिना पेट्रोल, डीजल या बिजली के चलता है, न कोई धुआँ छोड़ता है और न ही पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2018 में इसे वैश्विक स्तर पर मान्यता देते हुए विश्व साइकिल दिवस घोषित किया। आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को सुविधाएँ तो बहुत दी हैं, लेकिन इसके साथ अनेक स्वास्थ्य समस्याएँ भी पैदा कर दी हैं। घंटों कुर्सी पर बैठकर काम करना, शारीरिक श्रम का अभाव, वाहन-निर्भरता और तनावपूर्ण जीवन ने मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग तथा मानसिक अवसाद जैसी समस्याओं को बढ़ा दिया है। ऐसे समय में साइकिल केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि एक प्रभावी स्वास्थ्य-सहचर बनकर सामने आती है।

चिकित्सकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार नियमित साइकिल चलाना एक उत्कृष्ट कार्डियोवैस्कुलर व्यायाम है। इससे हृदय मजबूत होता है, रक्त संचार बेहतर होता है, फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और शरीर की अतिरिक्त कैलोरी खर्च होती है। साइकिल चलाने से मांसपेशियाँ सुदृढ़ होती हैं तथा जोड़ों पर अत्यधिक दबाव भी नहीं पड़ता, इसलिए यह सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त व्यायाम माना जाता है। विशेष रूप से मधुमेह, मोटापा और हृदय रोगों से बचाव में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी साइकिल अत्यंत लाभकारी है। आज तनाव, चिंता और अवसाद वैश्विक समस्याएँ बन चुके हैं। खुली हवा में साइकिल चलाने से मन प्रसन्न होता है, तनाव हार्मोन कम होते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह व्यक्ति को प्रकृति के निकट लाती है तथा जीवन में संतुलन और आनंद की अनुभूति कराती है। वास्तव में साइकिल चलाना शरीर और मन दोनों का एक साथ व्यायाम है।

साइकिल शून्य-उत्सर्जन वाला वाहन है। यदि छोटी दूरी की यात्राओं के लिए लोग मोटरसाइकिल और कार के स्थान पर साइकिल का उपयोग करें, तो कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। यह जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध व्यक्तिगत स्तर पर किया जाने वाला सबसे सरल और प्रभावी प्रयास है। सामाजिक दृष्टि से भी साइकिल समानता और समावेशिता का प्रतीक है। यह अमीर और गरीब, दोनों के लिए समान रूप से उपयोगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लाखों लोग शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने के लिए साइकिल पर निर्भर हैं। कम आय वाले परिवारों के लिए यह सबसे सुलभ और किफायती परिवहन साधन है। साइकिल सामाजिक गतिशीलता को बढ़ाती है और अवसरों तक पहुँच आसान बनाती है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए साइकिल का महत्व विशेष रूप से अधिक है। एक ओर देश ऊर्जा आयात पर भारी खर्च करता है, दूसरी ओर महानगरों में यातायात और प्रदूषण गंभीर समस्या बन चुके हैं। यदि साइकिल संस्कृति को व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया जाए तो ईंधन की बचत होगी, विदेशी मुद्रा का संरक्षण होगा और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च भी कम होगा। स्वस्थ नागरिक किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी होते हैं। विडंबना यह है कि भारत में कभी साइकिल आम जनजीवन का अभिन्न हिस्सा थी, लेकिन उपभोक्तावादी संस्कृति और मोटर वाहनों की बढ़ती प्रतिष्ठा ने इसे पीछे धकेल दिया। आज अनेक लोग साइकिल को केवल गरीबों का वाहन मानते हैं, जबकि विकसित देशों में साइकिल प्रतिष्ठा, स्वास्थ्य चेतना और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुकी है। नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी जैसे देशों ने साइकिल को शहरी जीवन का केंद्र बनाया है। वहाँ अलग साइकिल लेन, सुरक्षित मार्ग और अनुकूल नीतियाँ उपलब्ध हैं। भारत को भी इस दिशा में गंभीर पहल करनी होगी। समय की माँग है कि साइकिल को केवल खेल या मनोरंजन का साधन न मानकर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग बनाया जाए। शहरों में सुरक्षित साइकिल ट्रैक, सार्वजनिक साइकिल शेयरिंग सिस्टम, कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में साइकिल उपयोग को प्रोत्साहन तथा सरकारी स्तर पर प्रोत्साहन योजनाएँ विकसित की जानी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में साइकिल चलाने की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए तथा लोगों को इसके स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय लाभों के प्रति जागरूक किया जाए। विश्व साइकिल दिवस मनाने का उद्देश्य भी यही है कि समाज साइकिल के बहुआयामी महत्व को समझे और इसे दैनिक जीवन में अपनाए।

**ललित गर्ग**

## अन्नामलाई के भाजपा...

अशोक भाटिया

# तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव में हार जीत के बाद सभी पार्टियों में दे दना- दन

तमिलनाडु में मदुरै (मदुराइस), धरमपुरी, पेरनदुरई, त्रिची पूर्व और अंबासमुद्रम की 5 विधानसभा सीटें हाल ही में विधायकों के इस्तीफे के कारण खाली हुई हैं। इन उपचुनावों में सभी की निगाहें टिकी हैं क्योंकि अभिनेता विजय की 'तमिलगा वेत्री कड़गम' के सत्ता में आने के बाद यह पहला बड़ा चुनावी परीक्षण होगा। तमिलनाडु में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में 'तमिलगा वेत्री कड़गम' ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करके सरकार बनाई है। इन 5 उपचुनावों के परिणामों का हार पार्टी के लिए अलग अलग है व अपनी पार्टी को सुर्ख़ियों बनाए रखने की जरुरत भी । 234 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत (118) के लिए सत्तारूढ़ टीवीके को कुछ और सीटों की आवश्यकता है, जिससे इन उपचुनावों में राजनीतिक दलों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

तिरुचिरापल्ली में आयोजित रैली में विजय ने कहा कि त्रिची के लोगों का मैं विशेष रूप से धन्यवाद करता हूं। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं? क्योंकि कानूनी तौर पर अब, वे मुझे पेरम्बूर का विधायक कहेंगे। लेकिन, मेरे दिल के बहुत करीब, त्रिची ही है। गौरतलब हो कि त्रिची ईस्ट सीट पर अब जल्द ही उप चुनाव होगा। राज्य में कुल पांच सीटों पर उपचुनाव होंगे। ऐसे में सीएम विजय के इस दौरे को अहम माना जा रहा था।



सीएम विजय ने यह भी साफ किया कि मैं आप में से ही किसी कॉमन मैन को ही त्रिची से उम्मीदवार बनाऊंगा। उधर दूसरी पार्टियों में उनके घर के अन्दर ही विधान सभा चुनाव के बाद से ही कुछ झगड़े या विवाद चालू है । सबसे पहले बात करें भाजपा की तो उसमें बगावत की बू आ रही है और मामला टूट तक पहुच गया है । कभी सूबे में भारतीय जनता पार्टी का सबसे आक्रामक और चमकता हुआ चेहरा रहे पूर्व आईपीएस अधिकारी के। अन्नामलाई के बारे में यह खबर उड़ रही है कि वह भाजपा का दामन छोड़ सकते हैं। मीडिया और सियासी हल्कों में यह दावा किया जा रहा है कि अन्नामलाई दिल्ली दरबार के कुछ फैसलों से बेहद खफा हैं, खासकर राज्य में क्षेत्रीय दलों के साथ पार्टी के नए तालमेल को लेकर। चर्चा तो यहां तक है कि वह जून के इसी हफ्ते में अपने अगले बड़े कदम का ऐलान कर सकते हैं और अपनी खुद की नई पार्टी की घोषणा भी कर सकते हैं। आइए समझने की कोशिश करते हैं कि आखिर वो कौन से समीकरण हैं, जिन्होंने पीएम मोदी के इस सबसे भरोसेमंद सिपाही को बगावत और नई राह चुनने की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

सोशल मीडिया से लेकर चेन्नई के चाय के अड्डों तक यह अफवाह इस वक्त बेहद गर्म है कि अन्नामलाई अब किसी राष्ट्रीय पार्टी के अनुशासन के दायरे में बंधकर रहने के मूड में नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि अन्नामलाई के बेहद करीबी समर्थक और जमीनी स्तर के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर लगातार एक नई राजनीतिक लहर की बातें कर रहे हैं। यहां तक कि उनके प्रशंसक नई पार्टी के संभावित नाम, उसकी विचारधारा और तमिलनाडु की माटी से जुड़े कुछ खास प्रतीकों को भी आपस में शेयर कर रहे हैं।कहा जा रहा है कि जून के पहले या दूसरे हफ्ते में अन्नामलाई कोई बड़ा और चौंकाने वाला आधिकारिक ऐलान कर सकते हैं। द्रविड़ राजनीति के इस मजबूत गढ़ में अपनी एक अलग और बेदाग पहचान बनाने वाले पूर्व आईपीएस के चाहने वाले भी यही चाहते हैं कि वह किसी केंद्रीय गाइडलाइन के नीचे काम करने के बजाय, तमिलनाडु के युवाओं की आवाज बनकर अपनी एक अलग क्षेत्रीय पार्टी खड़ी करें। अगर ऐसा होता है, तो यह दक्षिण भारत में अपनी जड़ें मजबूत करने की कोशिश में जुटी भाजपा के लिए एक बहुत बड़ा झटका साबित हो सकता है।

अन्नामलाई के भाजपा छोड़ने की अटकलों के पीछे जो सबसे बड़ी और ठोस वजह निकलकर सामने आ रही है, वो है राज्य के बड़े क्षेत्रीय दल एआईएडीएमके के साथ भाजपा के रिश्तों का उतार-चढ़ाव। अन्नामलाई शुरू से ही इस स्टैंड पर अड़े थे कि भाजपा को तमिलनाडु में बिना किसी बैसाखी के, अपने दम पर अकेले चुनाव लड़ना चाहिए और द्रविड़ राजनीति के विकल्प के रूप में उभरना चाहिए। उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान द्रविड़ पार्टियों की नीतियों पर जमकर तीखे हमले किए थे, जिससे राज्य के युवाओं में उनका क्रेज बढ़ा था।

## राजनीतिक ...

कमलेश पांडेय

# आखिर कबतक मिलेंगे 'सनातनी राष्ट्रवाद' से जुड़े ज्वलंत सवालों के निर्णायक जवाब? समझिए

भारतीय सनातनी राष्ट्रवाद से जुड़े ज्वलंत सवालों, यथा- संपूर्ण गोवंश हत्याबंदी कानून, समान नागरिक संहिता, राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (NRC), पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) मुक्ति, अविरल गंगा-निर्मल गंगा, बांग्लादेशी घुसपैठिए भगाना, कैलाश मानसरोवर मुक्ति, स्वदेशी और विकेंद्रीकरण, जनसंख्या नियंत्रण कानून, शिक्षा का भारतीयकरण, रुपये को मजबूत करना,चीन से आयात घटाना आदि पर हमारे देश में राजनीति तो बहुत हुई, लेकिन ऐसे ज्वलंत राष्ट्रीय मुद्दों पर केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा पिछले 12 वर्षों में भी मनोवांछित परिणाम नहीं दिया जाना आमलोगों के दिलोदिमाग को उद्वेलित कर रहा है। आम तौर पर देखा जा रहा है कि जो लोग भाजपा समर्थक नहीं हैं, उनका मनोमिजाज अब आमलोगों को इन्हीं धधकते हुए मसलों पर उकसा रहा है कि आखिर क्यों भाजपा नीत एनडीए सरकार ऐसा नहीं कर पाई, जबकि विपक्ष में रहते हुए उसने इन मुद्दों को खूब हवा दी और सत्ता तक न केवल पहुंची, बल्कि अपनी नीतियों से विपक्ष का सूपड़ा साफ करते हुए मजबूती पूर्वक आगे बढ़ रही है?

राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि भले ही भाजपा और उसके कई सहयोगी दलों में इन मुद्दों पर मतभेद रहा हो, लेकिन जब ऐसे ही समान मतभेद वाले मुद्दों जैसे- जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति मोदी सरकार करवा सकती है, सपनों में भी अकल्पनीय राम मंदिर, अयोध्या का निर्माण निर्विघ्नता पूर्वक करवा सकती है, तीन तलाक के मुद्दों पर मुस्लिम महिलाओं के हक में निर्णय दिलवा सकती है, तो फिर अन्य धधकते हुए दर्जनाधिक सवालों पर उसके बदलते पैंतरे के पीछे का सियासी, प्रशासनिक और सामाजिक-आर्थिक रहस्य भी समझना-समझाना जरूरी जान पड़ता है।



यही वजह है कि इन दर्जनाधिक सुलगते सवालों पर एक नजर मारना आवश्यक प्रतीत होता है, ताकि इनके मौलिक कारण और अपेक्षित निदान के उपायों पर जनमत को जागरूक किया जा सके। चूंकि ये तमाम प्रश्न राजनीतिक, वैचारिक और नीतिगत विषयों से जुड़े हुए हैं, इसलिए इन मुद्दों पर अलग-अलग लोगों और संगठनों की भिन्न-भिन्न राय हो सकती है। बावजूद इसके, ऐसे दूरगामी राष्ट्रीय हित से समझौता करना विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका सबके लिए घातक है।

यह बात दीगर है कि आरएसएस व उसके आनुषांगिक संगठनों की भावना के अनुरूप भाजपा के रणनीतिकारों द्वारा टुकड़े में फैसले लिए जा रहे हैं, अलग-अलग कार्रवाई दिखाई भी दे रही है, जिनका काम ही सवालों की कार्पेट बम्बार्डिंग करके भाजपा समर्थकों को दिग्भ्रमित करके अपना राजनीतिक हित साधना हो तो हमारे जैसे तटस्थ लोगों के विचार से इन्हें एक विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखना उचित होगा।

पहला, संपूर्ण गोवंश हत्याबंदी कानूनः इसके अब तक लागू नहीं हो पाने के अलग-अलग कारण हैं, जैसे- भारत में पशुपालन, कृषि और चमड़ा उद्योग से जुड़े आर्थिक हित का सवाल है।

## जरा हटके

## बैठक का एक ...

सौरभ वार्ष्णेय

# आगामी दिनों में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक के मायने



भारतीय राजनीति में विपक्षी दलों के मंच के रूप में उभरे इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक पर देश की राजनीतिक निगाहें टिकी हुई हैं। यह बैठक केवल विभिन्न दलों के नेताओं का एक औपचारिक जमावड़ा नहीं है, बल्कि विपक्ष की एकता, उसकी रणनीति और भविष्य की राजनीतिक दिशा का महत्वपूर्ण संकेतक भी मानी जा रही है। ऐसे समय में जब देश की राजनीति लगातार नए समीकरणों और चुनौतियों से गुजर रही है, यह बैठक कई मायनों में महत्वपूर्ण हो जाती है।

लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी राजनीति एक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है। चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट किया कि विपक्ष यदि एकजुट होकर रणनीति बनाए तो वह सत्तापक्ष को कड़ी चुनौती दे सकता है। हालांकि चुनाव के बाद गठबंधन के भीतर कई मुद्दों पर मतभेदों की चर्चाएं भी सामने आईं। ऐसे में यह बैठक गठबंधन के भीतर विश्वास और समन्वय को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।

बैठक का एक प्रमुख एजेंडा संसद के आगामी सत्रों में विपक्ष की संयुक्त रणनीति तय करना हो सकता है। महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट, सामाजिक न्याय, संघीय ढांचे तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका जैसे मुद्दों पर विपक्ष किस प्रकार सरकार को घेरने की कोशिश करेगा, इस पर चर्चा होने की संभावना है। यदि गठबंधन इन मुद्दों पर एक स्वर में बोलने में सफल रहता है तो उसकी राजनीतिक प्रभावशीलता बढ़ सकती है।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव भी बैठक के केंद्र में रह सकते हैं। सीटों के तालमेल, चुनावी रणनीति और साझा प्रचार अभियान जैसे विषयों पर सहमति बनाना गठबंधन के लिए आसान नहीं होगा। कई राज्यों में सहयोगी दल एक-दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भी रहे हैं। इसलिए यह बैठक इस बात की भी परीक्षा होगी कि गठबंधन अपने आंतरिक मतभेदों को कितनी कुशलता से संभाल पाता है। राजनीतिक दृष्टि से यह बैठक विपक्षी नेतृत्व के प्रश्न पर भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि देश के सामने एक वैकल्पिक दृष्टि और भरोसेमंद नेतृत्व प्रस्तुत करना भी है। जनता केवल विरोध की राजनीति नहीं, बल्कि समाधान और सकारात्मक एजेंडा भी देखना चाहती है।

सत्तापक्ष के लिए भी इस बैठक के निहितार्थ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। एक मजबूत और संगठित विपक्ष लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाता है। विपक्ष की सक्रियता सरकार को अपनी नीतियों और निर्णयों पर अधिक स्पष्टता तथा जवाबदेही के लिए प्रेरित करती है। इसलिए विपक्षी एकता का प्रश्न केवल राजनीतिक दलों का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का भी विषय है।

इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक का महत्व उसके द्वारा पारित प्रस्तावों से कहीं अधिक इस बात में निहित होगा कि वह जनता के बीच कितना विश्वास पैदा कर पाती है। यदि बैठक से स्पष्ट रणनीति, मजबूत समन्वय और जनहित के मुद्दों पर ठोस दृष्टिकोण सामने आता है, तो यह विपक्ष के लिए नई ऊर्जा का स्रोत बन सकती है। लेकिन यदि मतभेद और अस्पष्टता हावी रहती है, तो गठबंधन के सामने अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की चुनौती और बढ़ जाएगी। लोकतंत्र में सशक्त सरकार जितनी आवश्यक है, उतना ही आवश्यक एक सशक्त और जिम्मेदार विपक्ष भी है। इंडिया गठबंधन की यह बैठक इसी कसौटी पर परखी जाएगी।

इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक केवल सीटों के बंटवारे, चुनावी रणनीति या सरकार के खिलाफ विपक्षी एकता के प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहने वाली है। हाल के दिनों में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ (टीएमसी) से जुड़े नेताओं पर हुए हमलों, पार्टी और सहयोगी दलों के बीच बढ़ती राजनीतिक दूरी तथा विपक्षी एकजुटता को लेकर उठ रहे सवालों के कारण टीएमसी का मुद्दा बैठक में प्रमुखता से उठ सकता है।

टीएमसी इंडिया गठबंधन की सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय पार्टियों में से एक है। पश्चिम बंगाल में उसका मजबूत जनाधार है और राष्ट्रीय राजनीति में भी उसकी भूमिका लगातार बढ़ी है। लेकिन कई अवसरों पर टीएमसी और गठबंधन के अन्य दलों, के बीच मतभेद सामने आते रहे हैं। ऐसे में यदि विपक्षी एकता को मजबूत करना है तो इन अंतर्विरोधों पर खुलकर चर्चा आवश्यक होगी।

हाल ही में टीएमसी नेताओं पर हुए हमलों और राजनीतिक हिंसा की घटनाओं ने भी चिंता बढ़ाई है। लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, लेकिन हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकती। यदि किसी दल के नेताओं या कार्यकर्ताओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगता है, तो यह केवल उस दल का नहीं बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे का विषय बन जाता है। इसलिए संभावना है कि इंडिया गठबंधन की बैठक में राजनीतिक हिंसा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का मुद्दा भी उठे। दूसरी ओर, गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती भाजपा के मुकाबले एक साझा राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत करने की है। यदि सहयोगी दल आपसी मतभेदों को सार्वजनिक रूप से बढ़ाते हैं, तो इसका सीधा लाभ सत्तापक्ष को मिल सकता है। इसलिए बैठक में टीएमसी से जुड़े विवादों पर चर्चा होने के साथ-साथ संवाद और समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया जा सकता है।

## रिटायर्ड आईएएस को जिम्मेदारी, कांग्रेस को 70-75 सीटें दे सकते हैं, सर्वे टीम की कमान रिटायर्ड आईएएस आलोक रंजन संभाल रहे

# अखिलेश सिफारिश नहीं सर्वे से चुनेंगे जिताऊ कैंडिडेट

**दावा**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी में समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले संभावित कैंडिडेट्स का सर्वे करवा रही है। टिकट के दावेदार जमीन पर कितने मजबूत हैं, इसको 2 तरह से जांचा जा रहा है। सर्वे की मॉनिटरिंग खुद अखिलेश यादव कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों का दावा है कि इस बार टिकट वितरण में सर्वे और फीडबैक को प्राथमिकता दी जाएगी। सिफारिशें नहीं चलेंगी। सपा उन्हीं चेहरों को मैदान में उतारेगी, जिनका अपने क्षेत्र में मजबूत जनाधार होगा। छवि बेदाग होगी और वो जिताऊ कैंडिडेट होंगे। 2022 और 2024 के चुनावों में टिकट वितरण को लेकर हुए विवादों के कारण ही सपा ने इस बार प्राइवेट एजेंसी से सर्वे कराने का फैसला लिया है। 2022 के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद सपा के नेताओं ने माना कि टिकट वितरण में चूक हुई। भाजपा या अन्य दलों से आए नेताओं को तुरंत टिकट दिए जाने से पार्टी के पुराने और वफादार कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखी गई थी।

आरोप लगे कि टिकट बांटने में जमीनी हकीकत या सर्वे के बजाय स्थानीय जिलाअध्यक्षों और बड़े नेताओं की व्यक्तिगत 'पैरवी' को तरजीह दी गई। कई जगहों पर गुटबाजी के आधार पर जिताऊ कैंडिडेट की अनदेखी की गई। पार्टी की आंतरिक समीक्षा में सामने आया कि कई सीटों पर बहुत मामूली अंतर से हार हुई। क्योंकि उम्मीदवार स्थानीय स्तर पर उतने लोकप्रिय नहीं थे। उनका बूथ मैनेजमेंट कमजोर था।

2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान सपा का टिकट वितरण सबसे ज्यादा सुर्खियों और विवादों में रहा। मेरठ, मुरादाबाद, बदायूं और गौतमबुद्धनगर जैसी कई महत्वपूर्ण सीटों पर सपा ने दो से तीन बार अपने उम्मीदवार बदले।

मुरादाबाद में मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट काटकर आखिरी वक्त पर रुचिवीरा को दे दिया, जिससे स्थानीय स्तर पर उथल-पुथल मच गई थी। बदायूं में पहले धर्मेंद्र यादव को टिकट दिया गया, फिर उनका टिकट काटकर शिवपाल सिंह यादव को दिया गया और आखिर में शिवपाल के बेटे आदित्य यादव वहां से चुनाव लड़े। टिकटों की इस अदला-बदली के कारण सपा के भीतर की गुटबाजी खुलकर सामने आ गई थी। कांग्रेस और 'अपना दल (कमेरावादी)' की पल्लवी पटेल जैसे सहयोगियों के साथ भी सीटों के बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन को लेकर सार्वजनिक रूप से विवाद सामने आए।



**सर्वे टीम की कमान रिटायर्ड आईएएस आलोक रंजन संभाल रहे हैं। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कांग्रेस को 70 से 75 सीटें देने का सुझाव दिया है।**

### रिटायर्ड आईएएस कर रहे सपा की मदद

यूपी की 403 विधानसभा सीटों पर सपा अपने संभावित दावेदारों पर काम शुरू कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, यूपी सरकार के रिटायर्ड IAS अफसर आलोक रंजन इसकी कमान संभाल रहे हैं। उनकी अगुआई में लखनऊ के गोमती-नगर में एक ऑफिस भी बनाया गया है। यहां लखनऊ की एक यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र विभाग के एक प्रोफेसर, 2 रिसर्च स्कॉलर, कई सपोर्ट स्टाफ संभावित चेहरों पर काम तकरीबन पूरा कर चुके हैं।

### गठबंधन होने पर सपा 70-75 सीटें कांग्रेस को दे सकती है

रिटायर्ड IAS अफसर की टीम ने अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया है कि सपा का 2022 के विधानसभा चुनाव में यूपी की करीब 71 सीटों पर प्रदर्शन कमजोर रहा था। अगर सपा का कांग्रेस से गठबंधन होता है, तो कांग्रेस 100 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने का दबाव बना सकती है। जबकि सपा की कोशिश होनी चाहिए कि वह 70 से 75 सीटें ही दे। हालांकि, मुस्लिम बहुल सीटों पर खींचतान हो सकती है। जैसे कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सहारनपुर में कांग्रेस पार्टी जीत गई थी, अमरोहा में कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी नंबर 2 पर रहा था। ऐसे में कांग्रेस इन सीटों की डिमांड कर सकती है।



अखिलेश यादव पार्टी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार सपा के कार्यकाल में हुए कामों को बताने के लिए कह रहे हैं।

---

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में आवारा पशु से टकराई तेज रफ्तार बाइक

लखनऊ। लखनऊ के गोसाईंगंज क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार बाइक आवारा पशु से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोसाईंगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चाचा को मृत घोषित कर दिया। भतीजे का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### केजीएमयू दवा घोटाले में 4 पर होगी एफआईआर

लखनऊ। KGMU में फर्जी मरीजों के नाम पर करोड़ों रुपए की दवा डकारने का मामला सामने आने के बाद अब दोषियों पर FIR की तैयारी है। कैंसर से लेकर किडनी तक के इलाज में इस्तेमाल होने वाली महंगी दवाएं असाध्य योजना से खरीदी गई। फिर उन दवाओं को बाजार में खपा दिया। हालांकि, दवाएं कहां बेची या खपाई गईं, उसकी पड़ताल जारी है। जांच कमेटी ने असाध्य योजना में सेंधमारी कर करोड़ों की दवा घोटाला करने वाले चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की सिफारिश की है। आज यानी मंगलवार को तीन संविदा और एक नियमित फार्मासिस्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### भाजपा नेता की हत्या का मुख्य आरोपी चंदौली से गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ के विभूतिखंड स्थित जलवा क्लब के बाहर अयोध्या के भाजपा नेता शिवम सिंह की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चंदौली पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी और मुख्य आरोपी अनुज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से एक तमंचा और दो कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

---

## अनिल भूषण चतुर्वेदी ने संभाली प्रभारी शिक्षा निदेशक बेसिक की जिम्मेदारी



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। अनिल भूषण चतुर्वेदी ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग के प्रभारी शिक्षा निदेशक बेसिक के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर विभागीय कार्यों, योजनाओं एवं प्राथमिकताओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, नवाचारों तथा वर्तमान में चल रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र हितों से जुड़े कार्यक्रमों, शिक्षक प्रशिक्षण, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अनिल भूषण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप बेसिक शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन पर रहेगा फोकस**
**- अनिल भूषण चतुर्वेदी**

---

## अखिलेश के साथ तस्वीर, उपचुनाव में प्रभारी रह चुका, लग्जरी गाड़ियों का शौकीन

# खुलासा : प्रॉपर्टी डीलर की हत्या कराने वाला सपा नेता निकला

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की हत्या का मुख्य साजिशकर्ता दिनेश यादव सपा की लोहिया वाहिनी का पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निकला। वह 2020-21 में प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के दौरान बतौर पार्टी प्रभारी काम कर चुका है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'फेसबुक' पर सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ तस्वीर लगा रखी है।

फेसबुक पर उसने चुनाव प्रचार के दौरान की तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। सपा के कई नेताओं के साथ उसका उठना-बैठना रहा है। इतना ही नहीं, पुलिस ने उसके कब्जे से जो कार जब्त की, उस पर भी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लिखा है। दिनेश थानों में भी अपने राजनीतिक पद का रौब दिखाता रहता था। 27 मई को पीजीआई थाना क्षेत्र में संदीप की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले के खुलासे के लिए पुलिस और एसटीएफ की कई टीमें लगाई गई थीं। जांच में सामने आया था कि हत्या की वजह पुराना जमीन विवाद था। संदीप मूलरूप से जौनपुर के रहने वाले थे।




**"स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सत्ता में रहने के दौरान वह सब पर रौब दिखाता था। अपने पद की धौंस दिखाकर सब पर दबाव बनाता था। यहां तक कि जो जमीन समझ में आ जाए, उस पर जबरन कब्जा कर लेता था। अगर कोई विरोध करता तो राजनीतिक पार्टी में पकड़ दिखाकर चुप करवा देता।**

### मैनपुरी, आजमगढ़ और गोरखपुर का पार्टी प्रभारी रहा

आलापुर विधानसभा क्षेत्र के समदा गांव निवासी सपा नेता दिनेश यादव उर्फ देवा को अखिलेश का करीबी बताया जाता है। दो दशक पहले लखनऊ विश्वविद्यालय से राजनीति की शुरुआत करने वाले दिनेश लोहिया वाहिनी में प्रदेश स्तर पर नेतृत्व कर चुका है। पार्टी ने उसे छात्रसभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी बनाया था। दिनेश मैनपुरी, आजमगढ़ और गोरखपुर उपचुनाव में पार्टी के प्रभारी के तौर पर भी काम कर चुका है।

### हत्या के दिन लखनऊ से बाहर चले गए थे आरोपी

पूछताछ में यह भी सामने आया है कि वारदात के दिन खुद को शक से बचाने के लिए दिनेश और मुकर्रबीन दोनों लखनऊ से बाहर चले गए थे। दिन में शूटरों ने संदीप की गोली मारकर हत्या की और बाद में फोन कर वारदात पूरी होने की सूचना दी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

## कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के लिए पीएम पोषण योजना बना रही मजबूत आधार : मंत्री संदीप सिंह

# योगी सरकार की पौष्टिक थाली से मजबूत हो रही नई पीढ़ी

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को भी नई मजबूती प्रदान कर रही है। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत राजकीय, परिषदीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत लाखों छात्र-छात्राओं को संतुलित, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। बच्चों की थाली में ऊर्जा, प्रोटीन और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर सरकार उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को बल दे रही है। बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर योगी सरकार कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई को भी और अधिक प्रभावी बना रही है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षा और पोषण को समान प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पीएम पोषण योजना केवल मध्याह्न भोजन कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य और कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में उपलब्ध कराए जा रहे पौष्टिक भोजन से बच्चों की सीखने की क्षमता, एकाग्रता और विद्यालयों में उपस्थिति में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। योगी सरकार बच्चों के भोजन को अधिक संतुलित एवं पोषणयुक्त बनाने के लिए सप्ताह के विभिन्न दिनों में दाल, हरी सब्जियां, सोयाबीन युक्त व्यंजन, दूध एवं मौसमी फल उपलब्ध करा रही है। इससे बच्चों को कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, आयरन एवं अन्य आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व नियमित रूप से प्राप्त हो रहे हैं। यह व्यवस्था बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ उनके समग्र विकास को भी गति प्रदान कर रही है।



**पीएम पोषण योजना से बच्चों को मिल रहा संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन**

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पोषण सुरक्षा अत्यंत आवश्यक

संदीप सिंह ने कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की मजबूत नींव स्वस्थ, शिक्षित और सक्षम बच्चों पर आधारित है। इसी उद्देश्य के साथ सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण और पोषणयुक्त भोजन प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पोषण सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है और प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है।

पीएम पोषण योजना के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के बच्चों को प्रतिदिन न्यूनतम 450 कैलोरी ऊर्जा और 12 ग्राम प्रोटीन उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 700 कैलोरी ऊर्जा और 20 ग्राम प्रोटीन सुनिश्चित किया जा रहा है। यह पोषण मानक बच्चों के शारीरिक विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता, मानसिक एकाग्रता तथा शैक्षणिक उपलब्धियों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

---

# 'जनता को हर हाल में मिले निर्बाध बिजली'

### ए के शर्मा ने आंधी के बाद विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की

तमसा संकेत, एजेंसी



सरोजनी नगर, लखनऊ । लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह डंपर ने 12 साल के लड़के को रौंद दिया। इसके बाद भी ड्राइवर नहीं रुका और डंपर की स्पीड बढ़ा दी। इस दौरान लड़का डंपर के नीचे फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया। आसपास के लोगों ने घटना देख डंपर को दौड़ाकर घेरते हुए पकड़ लिया। यह दुर्घटना बंथरा-उम्मेद खेड़ा रोड पर बंथरा बाजार के पास सुबह करीब 7 बजे हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। डंपर चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक बंथरा बाजार निवासी मंदौस थारू का बेटा मानस (12) था। वह सड़क पार कर रहा था, तभी डंपर की चपेट में आ गया। बंथरा पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना के बाद डंपर को कब्जे में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। पिता मंदौस थारू बंथरा बाजार में पल्लेदारी करते हैं। मृतक के परिवार में पित मंदौस, मां रन्नो, तीन बहनें मनु, मानसी और सरिता हैं। चार भाई बहनों में मानस दूसरे नंबर पर था।लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने आज लखनऊ स्थित संगम सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कर प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, आंधी-तूफान के बाद उत्पन्न हुई विद्युत बाधाओं के निस्तारण तथा उपभोक्ता शिकायतों के समाधान की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

---

**समीक्षा :** श्रमिकों के कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और योग जागरूकता के लिए व्यापक अभियान चलाएगा श्रम विभाग

# अनिल राजभर ने जनकल्याण अभियान के सफल आयोजन के दिए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने मंगलवार को 12 साल विश्वास के, विकास केन्द्र जनकल्याण अभियान के अंतर्गत 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी गतिविधियों का प्रभावी एवं जनसहभागिता आधारित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री राजभर ने कहा कि अभियान के माध्यम से श्रमिकों, असंगठित कर्मकारों एवं युवाओं तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और योग को बढ़ावा दिया जाए।

उन्होंने कहा कि 08 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत श्रम संहिताओं, श्रमिक कल्याण योजनाओं तथा कर्मचारी राज्य बीमा योजना की सुविधाओं के संबंध में संवाद, संगोष्ठियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक संख्या में ईएसआई योजना से जोड़ने तथा लाभार्थियों और नियोजकों के बीच विभागीय उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर विभाग के सभी कार्यालयों, ईएसआई अस्पतालों, अटल आवासीय विद्यालयों, विहान विद्यालयों तथा औद्योगिक इकाइयों में कार्य प्रारंभ होने से पूर्व 45 मिनट से एक घंटे तक योग कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। मंत्री ने कहा कि योग को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।



**मंत्री राजभर ने निर्देश दिए कि विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून को विभाग के सभी कार्यालयों, अटल आवासीय विद्यालयों, विहान विद्यालयों तथा ईएसआई अस्पतालों एवं डिस्पेंसरियों में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जाए तथा परिसरों को स्वच्छ, हरित एवं प्लास्टिक मुक्त बनाया जाए।**

### जनकल्याण मेला एवं शिविर आयोजित करने के निर्देश

बैठक में 08 से 14 जून तक जनकल्याण मेला एवं शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। इन कार्यक्रमों में केंद्र एवं राज्य सरकार की श्रमिक कल्याण योजनाओं की जानकारी सोशल मीडिया, पोस्टर, बैनर, पंपलेट एवं अन्य संचार माध्यमों से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बाल एवं बंधुआ श्रम उन्मूलन, बाल श्रम मुक्त मिशन-2027, रोजगार संगम पोर्टल, सेवामित्र योजना, विदेशों में रोजगार के अवसर तथा श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

मंत्री राजभर ने निर्देश दिए कि 17 से 20 जून तक जिला प्रशासन द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में श्रम विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों का आकर्षक प्रदर्शन किया जाए ताकि आमजन को विभागीय कार्यों और योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके।

---

## 50 मीटर तक घिसटता चला गया, बंथरा में ड्राइवर को लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा

# 12 साल के लड़के को डंपर ने रौंदा मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

सरोजनी नगर, लखनऊ । लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह डंपर ने 12 साल के लड़के को रौंद दिया। इसके बाद भी ड्राइवर नहीं रुका और डंपर की स्पीड बढ़ा दी। इस दौरान लड़का डंपर के नीचे फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया। आसपास के लोगों ने घटना देख डंपर को दौड़ाकर घेरते हुए पकड़ लिया। यह दुर्घटना बंथरा-उम्मेद खेड़ा रोड पर बंथरा बाजार के पास सुबह करीब 7 बजे हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। डंपर चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक बंथरा बाजार निवासी मंदौस थारू का बेटा मानस (12) था। वह सड़क पार कर रहा था, तभी डंपर की चपेट में आ गया।

बंथरा पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना के बाद डंपर को कब्जे में ले लिया है। उसके चालक सरोजनी नगर के मीरानपुर पिनवट के रहने वाले महेंद्र रावत को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। पिता मंदौस थारू बंथरा बाजार में पल्लेदारी करते हैं। मृतक के परिवार में पित मंदौस, मां रन्नो, तीन बहनें मनु, मानसी और सरिता हैं। चार भाई बहनों में मानस दूसरे नंबर पर था।



### गंभीर रूप से घायल था, पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया

**दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने डंपर चालक को घेरकर पकड़ लिया। पुलिस बुला ली। पहुंची पुलिस टीम ने गंभीर रूप से घायल मानस को सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। वहां से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, लेकिन ट्रॉमा सेंटर पहुंचने से पहले ही मानस ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

## कार-ट्रैक्टर गड्ढे में समाए, वाराणसी में आंधी-बवंडर, गंगा नावें चलना बंद, यूपी के 9 जिलों में अलर्ट

# आगरा में बारिश, फुटपाथ धंसा

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी। यूपी में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी है। आगरा में मंगलवार तड़के मूसलाधार बारिश हुई। करीब एक घंटे तक तेज हवा के साथ हुई बारिश से कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। कई जगह घर के अंदर पानी घुस गया। कई जगह सड़कें धंस गईं। फुटपाथ धंसने से 25 फीट का गड्ढा बन गया। इसमें ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली समा गई। सड़क किनारे खड़ीं कारें और ट्रक भी गड्ढों में पलट गए। छीपीटोला में एक मकान गिर गया।

मथुरा में सोमवार देर रात बारिश हुई। सड़कों पर पानी भर गया।



घुटनों तक पानी में श्रद्धालु गोवर्धन की परिक्रमा करते दिखे। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 9 जिलों आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। हालांकि, ज्यादातर जिलों में मौसम साफ है। नमी की वजह से गर्मी से राहत है।

इससे पहले, सोमवार को भी कई जिलों में बारिश हुई। लखनऊ समेत पश्चिमी यूपी के कई इलाकों में दिनभर बादलों की आवाजाही रही। बुंदेलखंड के झांसी, ललितपुर और आसपास के जिलों में बारिश हुई। 42C के साथ फर्रुखाबाद सबसे गर्म शहर रहा।

लखनऊ के मौसम के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया उत्तर-पश्चिमी यूपी में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है। इससे आंधी-बारिश का दायरा सिमट गया है। कल यानी 3 जून से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। 5 जून तक यह पूरे प्रदेश को अपने जद में ले लेगा। इससे पश्चिमी और पूर्वी यूपी में छिटपुट बारिश, ओलावृष्टि और 70 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। गर्मी से राहत बरकरार रहेगी। लू के आसार नहीं हैं।

### यूपी में नौपता इस बार नहीं तपा, 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरा पारा

नौतपा की बात करें तो यूपी में इस बार यह बेअसर रहा। प्रदेश के कई जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने से तापमान करीब 10C तक लुढ़क गया। नौपता के पहले दिन यानी 25 मई को पारा 47.6C तक पहुंचा था, जो गिरकर 38C तक आ गया। हालांकि, अब पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने लगा है। इससे फिर से गर्मी बढ़ेगी। पारा 45C के पार पहुंचेगा।

### गोरखपुर में मौसम साफ, तेज धूप से लोग परेशान

गोरखपुर में गर्मी ने एक बार फिर लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मंगलवार सुबह से ही आसमान पूरी तरह साफ रहा। तेज धूप ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया।

मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।



आगरा में आवास विकास सेक्टर-4 में सड़क धंस गई। इसमें ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली समा गई।

**वाराणसी में मंगलवार दोपहर अचानक मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल रही है। जिसके कारण नाव संचालन तत्काल बंद कर दिया गया है। घाट पर दुकानदारों ने अपनी दुकान को भी हटाया।**

### वाराणसी में अचानक मौसम बदला

वाराणसी में अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला है। आसमान में बादल छाए हुए हैं। शहर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले 24 घंटे में तापमान में 2 डिग्री की गिरावट हुई है। मौसम वैज्ञानिक मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि आगामी 12 घंटे में बारिश होने की संभावना है।




### झांसी में तेज धूप, तापमान 32 डिग्री तेज हवाओं के बारिश का अलर्ट

झांसी में पिछले कुछ दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। मंगलवार सुबह शहर का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ गर्मी बढ़ने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, आज झांसी का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। साथ ही शाम तक तेज हवाओं के साथ बारिश की आशंका भी जताई गई है।

मथुरा में सोमवार देर रात जमकर बारिश हुई। गोवर्धन में बारिश के बीच श्रद्धालु परिक्रमा करते रहे। जगह-जगह जलभराव हुआ।

आगरा के सेक्टर-1 में भारी बारिश से सीवर ओवरफ्लो हो गए हैं। सड़क जलभराव के हालात बन गए हैं।

**फास्ट न्यूज**

### ससुर बोला- मेरे साथ संबंध बनाओ, सभी इज्जत करेंगे

गोरखपुर। गोरखपुर में शादी के 2 महीने बाद एक नवविवाहिता ने अपने पति, सास, ससुर और देवर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दुल्हन का कहना है कि शादी के बाद ससुराल पहुंचने पर पहली ही रात पति ने मेरे पिता को गालियां दीं। विरोध करने पर मुझे बेरहमी से पीटा और जबरन सुहागरात मनाई। दुल्हन का आरोप है कि पति ने धमकी दी कि ऐसे ही रोज पहले तुम्हें पीटूंगा और फिर संबंध बनाऊंगा।

### वाराणसी में सीवर लाइन विवाद में मारपीट, 4 घायल

वाराणसी। वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र में सीवर लाइन जोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत की गई है। जानकारी के अनुसार, एक पक्ष का युवक सोमवार सुबह सीवर लाइन में पाइप जोड़ने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले लोगों ने इसका विरोध करते हुए पाइप जोड़ने से मना कर दिया।

### पाकिस्तानी नंबर से सनातन न्याय यात्रा को उड़ाने की धमकी

प्रयागराज । श्री कृष्ण जन्मभूमि प्रकरण के मुख्यवादी पक्षकार आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज को पाकिस्तानी नंबर से धमकी मिली है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्हें धमकी भरा व्हाट्सएप कॉल आया। कॉलर ने चेतावनी दी कि उनकी प्रस्तावित सनातन न्याय यात्राꠢको बम से उड़ा देंगे, उन्हें जान से मार देंगे।

# सूरतगंज: संदिग्ध परिस्थितियों में बिहार राज्य के मजदूर की मौत

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। सड़क निर्माण कार्य में जुटा एक मजदूर मंगलवार को अचानक जिंदगी की जंग हार गया। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में सड़क मरम्मत कार्य के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि मौत के बाद शरीर पर चोट के निशान दिखाई देने की चर्चाओं ने मामले को संदिग्ध बना दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बिहार राज्य के बेगूसराय जनपद के वार्ड संख्या-12 गंगासागर निवासी रमेश सदा (45) पुत्र रामस्वरूप सदा पिछले कुछ समय से सूरतगंज क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य में मजदूरी कर रहे थे।



मंगलवार को बल्लोपुर के गोडियनपुरवा और मालमोहारा के बीच सड़क निर्माण स्थल पर वह अन्य मजदूरों के साथ काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिर पड़े।

घटना के बाद मौके पर मौजूद साथी मजदूरों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में उन्हें मोटरसाइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज पहुंचाया गया, लेकिन वहां मौजूद चिकित्सक डॉ. रिजवान ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। मजदूर की मौत की सूचना मिलते ही मोहम्मदपुर खाला पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ऑनलाइन प्रवचन करके अमीर लड़कियां फंसाता, मोबाइल में मिले अश्लील वीडियो

# छात्रा से रेप में आईआईटी पास साधु गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। मथुरा में छात्रा से रेप के आरोप में IIT पास इंजीनियर को गिरफ्तार किया गया है। उसका असली नाम अभिषेक मिश्रा (29) है। साधु बनने के बाद नाम बदलकर आदिकर्ता नारायण दास रख लिया। साधु पर छत्तीसगढ़ की 22 साल की लड़की ने रेप का आरोप लगाया है। पीड़ित बीएससी नर्सिंग की छात्रा है।

उसने बताया कि अभिषेक मिश्रा ने प्रसाद के नाम पर नशीला दूध पिलाया, फिर रेप करके फोटो-वीडियो बनाए। ब्लैकमेल करने लगा और 5 लाख रुपए मांगे। न देने पर वीडियो-फोटो वायरल करने की धमकी दी। 25 मई को छात्रा ने मथुरा SSP से शिकायत की। उसी दिन थाने में केस दर्ज हुआ। 1 जून को आरोपी को राधाकुंड स्थित उसके मकान से पकड़ा गया। उसके साथ दो युवतियों और एक लड़के को भी पकड़ा गया।



मथुरा पुलिस ने 1 जून को आरोपी अभिषेक मिश्रा को उसके मकान से गिरफ्तार किया।

**पुलिस के मुताबिक, आरोपी सफेद कुर्ता पहनता है। साथ ही माथे पर चंदन लगाता है। सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया- अभिषेक मिश्रा ऑनलाइन प्रवचन के जरिए युवतियों को अपने जाल में फंसाता था। उनका ब्रेनवॉश करता। इसके बाद युवतियों के साथ संबंध बनाता था।**



आरोपी अभिषेक ओडिशा का रहने वाला है। वह 3 साल से मथुरा में रह रहा है।

### छात्रा बोली- आरोपी ने जबरन दूध पिलाया और संबंध बनाए

25 मई को युवती अपने पिता के साथ SSP श्लोक कुमार के ऑफिस पहुंची। उसने शिकायती पत्र दिया। इसमें बताया- मैं छत्तीसगढ़ की रहने वाली हूं। बीएससी नर्सिंग थर्ड सेमेस्टर की पढ़ाई करती हूं। मेरी बहन मथुरा में IOCL में इंटर्नशिप कर रही है। वह साधु अभिषेक मिश्रा के मकान में किराए पर रहती है। शिकायत में बताया गया है कि 17 मई को मेरा जन्मदिन था। जन्मदिन मनाने के लिए मैं 15 मई को बहन के पास मथुरा पहुंची। 17 मई को जन्मदिन सेलिब्रेट किया गया। वहीं मेरी मुलाकात अभिषेक मिश्रा से हुई। उसने खुद को साधु बताया। कहा कि वह प्रवचन सुनाता है। रात में बहन मंडली में भजन-कीर्तन करने चली गई। इसी दौरान अभिषेक मिश्रा कमरे में घुस आया।

### 2 लड़कियों और एक युवक के साथ पकड़ा गया

SSP के आदेश पर 25 मई को थाना गोवर्धन में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। इसके बाद से पुलिस तलाश में लगी थी। SP ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि पुलिस ने सोमवार शाम आरोपी अभिषेक मिश्रा को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिया।

## पत्नी अनुष्का भी साथ थीं, वृंदावन आश्रम में दोनों नंगे पैर चलते नजर आए

# विराट कोहली आईपीएल जीतने के बाद प्रेमानंदजी से मिलने पहुंचे

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा । IPL जीतने के बाद क्रिकेटर विराट कोहली और पत्नी अनुष्का शर्मा ने वृंदावन में संत प्रेमानंद के दर्शन किए। दोनों मंगलवार सुबह 7 बजे केली कुंज आश्रम पहुंचे। चेहरे पर मास्क लगाकर कार से उतरे और नंगे पांव आश्रम के अंदर गए।

संत प्रेमानंद के शिष्यों ने उनकी अगवानी की। दोनों 2 घंटे तक आश्रम में रहे। बाहर आए तो विराट के माथे पर चंदन और त्रिपुंड लगा था। उनके हाथ में एक किताब भी थी। प्रेमानंदजी से मिलने के बाद 150 मीटर दूर दोनों बड़े गुरु हित गोविंद शरण महाराज के आश्रम पैदल पहुंचे। यहां हित गोविंद शरण महाराज के दर्शन किए।

इससे पहले, विराट और अनुष्का ने इसी साल 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन भी संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए थे और सत्संग सुना था। कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने 31 मई को लगातार दूसरा IPL खिताब जीता था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में टीम ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया था।



### कोहली के लगातार चौथे सीजन में 600+ रन

विराट कोहली का शानदार फॉर्म RCB की सफलता की बड़ी वजह में शामिल रहा। उन्होंने लगातार चौथे सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाए। टीम का ओपनिंग कॉम्बिनेशन पूरे सीजन बदलता रहा, लेकिन कोहली के प्रदर्शन में गिरावट नहीं आई। उन्होंने सीजन में टीम के लिए सबसे ज्यादा 675 रन बनाए।



### 7वीं बार प्रेमानंदजी से मिलने पहुंचे विराट-अनुष्का

विराट और अनुष्का ने अब तक 7 बार संत प्रेमानंद से मुलाकात की है। दोनों पहली बार 4 जनवरी 2023 को संत प्रेमानंद से मिले थे। 3 साल में दोनों की यह 7वीं और इस साल तीसरी मुलाकात है। अप्रैल से पहले 16 फरवरी को बेटे अकाय के जन्मदिन के बाद भी दोनों यहां आए थे। 2025 में भी यह कपल तीन बार आश्रम पहुंचा था। जनवरी में बच्चों के साथ पहुंचे। इसके बाद मई और दिसंबर में प्रेमानंदजी के दर्शन किए।

# 200वें हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। 200वें हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) के तत्वावधान में होटल हीरा इन्विटेशन, डैंपियर नगर, मथुरा में विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन उपज के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह चौधरी रहे। विशिष्ट अतिथियों में एपीएन न्यूज चैनल के मैनेजिंग एडिटर (यूपी/उत्तराखंड), पूरन प्रकाश, बलदेव ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर, उपज के प्रदेश महामंत्री आनंद कर्ण, ईटीवी के पूर्व प्रोड्यूसर एवं कृषि विशेषज्ञ पत्रकार केशवानंद,खबरें अभी तक के सम्पादक नासिर,वरिष्ठ पत्रकार सी.पी. सिकरवार, उपज के प्रदेश कोषाध्यक्ष बालमुकुंद त्रिपाठी तथा उद्योगपति कन्हैयालाल अग्रवाल, डॉ अशोक अग्रवाल आदि शामिल रहे। वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और समाज को सही दिशा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनहितकारी पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही पत्रकारों के समक्ष मौजूद सुरक्षा संबंधी चुनौतियों, आर्थिक समस्याओं तथा बदलते मीडिया परिवेश में पत्रकारिता की जिम्मेदारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। समारोह के दौरान मथुरा जनपद के सैकड़ों पत्रकारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं पटुका पहनाकर सम्मानित किया गया।



**मुख्य अतिथि तेजवीर सिंह चौधरी ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ है और समाज में जागरुकता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अन्य वक्ताओं ने भी पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखने तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए संगठित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।**

## पृष्ठ 01 का शेष...

### सीबीएसई के अध्यक्ष...

हालांकि, साइबर अटैक के बावजूद पोर्टल काम करता रहा और दोपहर 3 बजे तक 16 हजार से ज्यादा छात्रों ने आवेदन कर दिया। यह पोर्टल सोमवार से शुरू होना था। वेदांत से बोर्ड ने मांफी मांगीः दिल्ली के वेदांत श्रीवास्तव ने भी 12वीं की परीक्षा दी थी। फिजिक्स में 65 नंबर मिले तो उन्होंने आवाज उठाई। रीवैल्युएशन में कॉपी मिली तो गड़बड़ी का पता चला। पहले उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। ट्रोलर्स ने उन्हें देशद्रोही तक कहा, बाद में बोर्ड ने गलती मानी और माफी मांगी।

सार्थक ने टेंडर में गड़बड़ी निकालीः रांची के 17 साल के सार्थक सिद्धांत टेक रिसर्चर हैं। उन्होंने भी परीक्षा दी थी। उन्होंने एक आम छात्र से आगे बढ़कर एक खोजी पत्रकार/डेटा साइंटिस्ट की तरह काम किया। सीबीएसई की तरफ से जारी पिछले 576 दस्तावेजों का बारीकी से अध्ययन और तुलना कर टेंडर में गड़बड़ी का खुलासा किया।

### संसदीय समिति में...

समिति ने परीक्षा संचालन में सुधार, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और निजी एजेंसियों पर निर्भरता कम करने की सिफारिश की थी।

### एंटी रेडिएशन...

किसी भी देश की हवाई सुरक्षा काफी हद तक उसके रडार सिस्टम पर निर्भर करती है। रडार ही दुश्मन के विमान, मिसाइल और ड्रोन का पता लगाकर सेना को समय रहते चेतावनी देते हैं।

रुद्रम-2 का मुख्य काम ऐसे रडार सिस्टम को खोजकर नष्ट करना है। जब रडार और निगरानी उपकरण नष्ट हो जाते हैं, तो दुश्मन के लिए आसमान में हो रही गतिविधियों पर नजर रखना मुश्किल हो जाता है। इससे उसकी हवाई सुरक्षा कमजोर पड़ जाती है और भारतीय फाइटर जेट के लिए हमला करना आसान और सुरक्षित हो जाता है।

सैन्य भाषा में दुश्मन की हवाई सुरक्षा को कमजोर करने वाले ऐसे अभियान को SEAD (सप्रेशन ऑफ एनिमी एयर डिफेंस) कहा जाता है। सरल शब्दों में, इसका मतलब है दुश्मन की आंखें और कान बंद कर देना, ताकि वह हवाई हमलों का समय पर पता न लगा सके।

आमतौर पर जब दुश्मन को पता चलता है कि उसकी तरफ एंटी-रेडिएशन मिसाइल आ रही है, तो वह अपना रडार बंद कर देता है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि मिसाइल को सिग्नल मिलना बंद हो जाए और वह लक्ष्य तक न पहुंच सके। लेकिन रुद्रम-2 जैसी आधुनिक मिसाइलों के सामने यह तरीका ज्यादा असरदार नहीं है। मिसाइल में मौजूद INS (इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम) और SATNAV (सैटेलाइट नेविगेशन) तकनीक उसे लक्ष्य की आखिरी लोकेशन याद रखने में मदद करती है।

यानी अगर दुश्मन आखिरी समय में रडार बंद भी कर दे, तब भी रुद्रम-2 उसकी अंतिम ज्ञात स्थिति तक पहुंचकर हमला कर सकती है। इसलिए केवल रडार बंद कर देने से इस मिसाइल से बचना आसान नहीं होगा।

### जम्मू के किश्तवाड़...

वहीं, राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर में दीवार ढहने से दो बच्चों सहित 3 लोगों की जान चली गई।

बादल आकाश में तैरते हुए दिखाई देने वाले पानी के कण या बर्फ होते हैं। जब भाप या वाष्प बनकर पानी के काफी छोटे-छोटे कण वायुमंडल के ऊपरी सतह पर पहुंचकर ठंडी हवाओं के साथ मिलते हैं तो ये बादल कहलाते हैं।

जब किसी छोटे से इलाके में बहुत कम समय में बहुत ज्यादा बारिश होती है तो आमतौर पर इसे हम बादल फटना कहते हैं। इसमें बादल फटने जैसा कुछ नहीं होता। हां, ऐसी बारिश इतनी तेज होती है जैसे ज्यादा पानी से भरी हुई एक बहुत बड़ी पॉलिथीन आसमान में फट गई हो। इसलिए इसे हिंदी में बादल फटना और अंग्रेजी में Cloudburst के नाम से पुकारा जाता है।

मौसम विभाग के मुताबिक जब अचानक 20 से 30 वर्ग किलोमीटर के इलाके में एक घंटे या उससे कम समय में 100mm या उससे ज्यादा बारिश हो जाए तो इसे बादल फटना कहते हैं।

### 'गोरखपुर के...

यहां कोल इंडिया के सहयोग से फ्लोटिंग सोलर प्लांट भी लगाया जा रहा है। इस प्लांट से 20 मेगावाट बिजली पैदा होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- अब तक हमारे पास ईको-टूरिज्म का एकमात्र केंद्र रामगढ़ताल था। रामगढ़ताल का जल पूरी तरह प्राकृतिक नहीं था, क्योंकि उसमें शहर का सीवरेज भी जाता था। उसकी सफाई और ट्रीटमेंट के जरिए वहां जल की व्यवस्था की गई। लेकिन चिलुआताल का जल पूरी तरह प्राकृतिक है। यहां सुंदरीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। साल 2020-21 में इसकी डिसिल्टिंग भी कराई गई थी।

पिछली सरकारों के दौरान तालाबों और पोखरों पर कब्जे होते थे और उन्हें नष्ट किया जाता था। लोग उन्हें अपनी बपौती समझकर कब्जा कर लेते थे, वहां अवैध निर्माण कर लेते थे या फिर वे गंदगी और अपराध के केंद्र बन जाते थे।

डबल इंजन की सरकार में तालाबों और पोखरों पर कब्जा नहीं होने दिया जाता, बल्कि उनका संरक्षण किया जाता है। उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर पर्यटकों और कलाकारों को मंच उपलब्ध कराया जा रहा है।

### 'हम असली...

इसमें ममता के कई खास विधायक भी शामिल हुए। TMC का दावा- ज्यादातर विधायक ममता के साथ रहेंगेः TMC के शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने कहा कि पार्टी के ज्यादातर विधायक दलबदल की अटकलों के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ ही रहेंगे और TMC के पुराने नेता संगठन पर अपना नियंत्रण बनाए रखेंगे। कांग्रेस बोली- लगता नहीं TMC जिंदा रह पाएगीः कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि ममता ने जो बोया, वही काट रही हैं। असलियत यह है कि उनके पास विरोध करने के लिए लोग ही नहीं हैं। मुझे नहीं लगता TMC आगे जिंदा रह पाएगी। TMC के कार्यकर्ताओं में बहुत असंतोष है। ममता को अब 'INDIA' ब्लॉक को मजबूत करने के बारे में सोचना चाहिए।

सोमवार को ममता बनर्जी ने TMC से 2 विधायक संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी से निकाल दिया था। दोनों ने स्पीकर से शिकायत की थी कि पार्टी ने शोभनदेव को नेता विपक्ष बनाने वाले प्रस्ताव में उनके उनके फर्जी साइन किए थे। साहा और बनर्जी का आरोप है कि यह शिकायत करने पर ही दोनों TMC से निकाले गए।

### इस मामले में...

इसके बाद चुनाव आयोग यह जांच करता है कि पार्टी पर असली नियंत्रण किसका होगा। इसके लिए 4 पॉइंट तय हैं

### भाजपा जिलाध्यक्ष...

कार्यालय परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में उन्हें फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। उनके प्रथम आगमन के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया। नारायण फाउंडेशन के संरक्षक एवं भाजपा नेता विवेक मौर्य ने कहा कि दिलीप देव पटेल के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक ऐसे कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, जो लंबे समय से संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते रहे हैं।

उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा।

### अन्नामलाई ने गृह...


युवा वोटबैंक में उनकी पकड़ को देखते हुए उनके अगले कदम पर राजनीतिक दलों की नजर है। यह भी चर्चा है कि RSS चाहता है कि अन्नामलाई सार्वजनिक जीवन में सक्रिय बने रहें।

अन्नामलाई ने CBSE की तीन-भाषा नीति को मौजूदा सत्र से लागू करने पर सवाल उठाए थे।

### ओसाका को 1 घंटे 27 मिनट में हराया

# सबालेंका फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**खेल**



**पेरिस, एजेंसी**

वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन (रोलां गैरो) के चौथे दौर में नाओमी ओसाका को सीधे सेटों में हरा दिया।

पेरिस में टॉप सीड सबालेंका ने जापान की ओसाका को 1 घंटे 27 मिनट चले मैच में 7-5, 6-3 से शिकस्त दी।

इस जीत के साथ सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वे खिताब की मजबूत दावेदार बन गईं। पिछले 3 साल में पहली बार फ्रेंच ओपन में कोई विमेंस मैच खेला गया। इसे देखने बड़ी संख्या में फैंस आए। हार के बावजूद जापानी स्टार नाओमी ओसाका ने भी कहा कि महिला टेनिस को प्राइम टाइम यानी नाइट सेशन में ज्यादा जगह मिलनी चाहिए। सबालेंका और ओसाका ने आयोजकों से मांग की कि भविष्य में महिलाओं के और मैचों को नाइट सेशन में जगह मिलनी चाहिए।

> टेनिस में आमतौर पर ग्रैंड स्लैम के नाइट सेशन्स में मेंस (पुरुष) मैचों को प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि वे लंबे चलते हैं और उनकी व्यूअरशिप ज्यादा मानी जाती है।

## 3 साल बाद विमेंस नाइट मैच हुआ



### सबालेंका बोलीं- यह सही फैसला था, महिलाओं को ज्यादा मौके मिलें

कोर्ट इंटरव्यू में आर्यना सबालेंका ने नाइट सेशन में विमेंस मैच रखने के फैसले की तारीफ की। उन्होंने कहा- 'मुझे लगता है कि यह बहुत अहम था कि उन्होंने आज हमारे मैच को नाइट सेशन में रखा।' उन्होंने कहा- 'यह बिल्कुल सही फैसला था। इस मैच को देखने आए फैंस के उत्साह और इसे मिले अटेंशन (ध्यान) से आयोजकों को यह समझ आएगा कि भविष्य में उन्हें महिलाओं के मैचों को रात में कराने पर विचार करना चाहिए।'

### सबालेंका सीधे सेटों में जीतीं, ओसाका बाहर

पहले सेट में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने सबालेंका की सर्विस का अच्छा जवाब दिया। दोनों 5-5 की बराबरी पर थीं, लेकिन सबालेंका ने ओसाका की सर्विस ब्रेक कर पहला सेट 7-5 से जीत लिया।

पहले सेट की मानसिक बढ़त का फायदा सबालेंका को दूसरे सेट में मिला। उन्होंने शुरुआत से ही ओसाका पर दबाव बनाए रखा। ओसाका ने वापसी की कोशिश की, लेकिन बेलारूस की सबालेंका ने दमदार ग्राउंड स्ट्रोक्स के दम पर दूसरा सेट 6-3 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

## विराट कोहली आईपीएल जीतने के बाद प्रेमानंदजी से मिलने पहुंचे

**मथुरा, एजेंसी**

IPL जीतने के बाद क्रिकेटर विराट कोहली और पत्नी अनुष्का शर्मा ने वृंदावन में संत प्रेमानंद के दर्शन किए। दोनों मंगलवार सुबह 7 बजे केली कुंज आश्रम पहुंचे। चेहरे पर मास्क लगाकर कार से उतरे और नंगे पांव आश्रम के अंदर गए।

संत प्रेमानंद के शिष्यों ने उनकी अगवानी की। दोनों 2 घंटे तक आश्रम में रहे। बाहर आए तो विराट के माथे पर चंदन और त्रिपुंड लगा था। उनके हाथ में एक किताब भी थी। प्रेमानंदजी से मिलने के बाद 150 मीटर दूर दोनों बड़े गुरु हित गोविंद शरण महाराज के आश्रम पैदल पहुंचे। यहां हित गोविंद शरण महाराज के दर्शन किए।

इससे पहले, विराट और अनुष्का ने इसी साल 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन भी संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए थे और सत्संग सुना था।

कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने 31 मई को



लगातार दूसरा IPL खिताब जीता था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में टीम ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया था। फाइनल में विराट कोहली ने अपने IPL करियर की सबसे तेज फिफ्टी लगाई थी। कोहली फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे थे।

विराट कोहली का शानदार फॉर्म RCB की सफलता की बड़ी वजह में शामिल रहा। उन्होंने लगातार चौथे सीजन 600 से ज्यादा रन बनाए। टीम का ओपनिंग कॉम्बिनेशन पूरे सीजन बदलता रहा, लेकिन कोहली के प्रदर्शन में गिरावट नहीं आई। उन्होंने सीजन में टीम के लिए सबसे ज्यादा 675 रन बनाए।

# आकिब नबी बतौर नेट बॉलर भारतीय टेस्ट टीम से जुड़े

### पिछले 2 रणजी सीजन में 104 विकेट झटके, 6 जून से अफगानिस्तान से मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच से पहले टीम इंडिया से जुड़ गए हैं। उन्हें नेट बॉलर के रूप में चंडीगढ़ में चल रहे भारतीय कैंप में शामिल किया गया है। मैच 6 जून से मुल्लांपुर स्टेडियम में खेला जाएगा।

29 साल के नबी 19 मई को जारी टेस्ट और वनडे टीम में नहीं चुने गए थे। रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें भारतीय टीम के माहौल में घुलने-मिलने के लिए बुलाया है। कुछ दिन पहले प्रिंस यादव को भी टीम से जोड़ा गया था।

नबी पिछले दो रणजी ट्रॉफी सीजन में घरेलू क्रिकेट के सबसे सफल तेज गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने



पिछले सीजन में 17 पारियों में 60 विकेट लेकर जम्मू-कश्मीर को पहली बार चैंपियन बनाया था। उन्होंने इससे पहले वाले सीजन में 44 विकेट झटके थे। इस तरह दो सीजन में उनके खाते में 104 विकेट दर्ज हैं। आकिब नबी बल्लेबाजी में भी उपयोगी योगदान देते हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम 969 रन हैं। लिस्ट-ए क्रिकेट में उन्होंने एक शतक सहित 572 रन बनाए हैं। हालांकि, IPL 2026 में उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से पांच मुकाबलों में वे कोई विकेट नहीं ले सके। उनकी इकोनॉमी 11.46 रही।

> नबी को भारत के न्यूजीलैंड दौरे के लिए संभावित विकल्प माना जा रहा है। अक्टूबर में होने वाले इस दौरे पर भारतीय टीम को दो टेस्ट मैच खेलने हैं। वहां की सीम और स्विंग के लिए मददगार परिस्थितियां उनके पक्ष में जा सकती हैं।

### खराब रोशनी से टेस्ट मैच नहीं रुकेगा

नई दिल्ली। टेस्ट क्रिकेट में खराब रोशनी की वजह से खेल रुकने की समस्या जल्द ही खत्म हो सकती है। दिन में होने वाले टेस्ट मैच में लाल गेंद से खेल होता है। अगर खराब रोशनी से खेल रुकता है तो दोनों की कप्तानों की सहमति से गुलाबी गेंद का इस्तेमाल हो सकेगा। गुलाबी गेंद फ्लड लाइट्स में देखी जा सकती है। लाल गेंद से फ्लड लाइट्स में खेल नहीं हो पाता है।

अहमदाबाद में सोमवार को हुई ICC की सालाना बैठक में इसके ट्रायल को मंजूरी दे दी गई है। शुरुआत में यह ट्रायल कुछ ही मैचों तक सीमित रहेगा। अच्छे नतीजे मिलने पर इसे सभी टेस्ट मैचों पर लागू किया जाएगा।

ICC ने इंटरनेशनल क्रिकेट से जुड़े कुछ और प्लेइंग कंडीशंस में बदलावों को मंजूरी दे दी है। सभी बदलाव 1 अक्टूबर से लागू होंगे।

खराब रोशनी के कारण खेल रुकने की समस्या कम करने के लिए नई लाइटिंग टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करने की अनुमति भी बैठक में दी गई।

### थाइलैंड की खिलाड़ी को 25-23, 21-16 से हराया, श्रीकांत हारे

# पीवी सिंधु इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। मालविका बनसोड़ पहले दौर में हार गईं। मेंस सिंगल्स में किदांबी श्रीकांत भी बाहर हो गए।

वर्ल्ड नंबर-12 सिंधु ने मंगलवार को राउंड ऑफ 32 में थाईलैंड की बुसानन ओन्गब्रामंगफान को सीधे गेम में 25-23, 21-16 से हराया। मैच 51 मिनट तक चला। 30 साल की सिंधु राउंड ऑफ 16 में तुर्किये की नेस्लिहान आरिन और साउथ कोरिया की वर्ल्ड नंबर-1 शटलर आन से-यौंग के बीच होने वाले मैच की विजेता से खेलेंगी।



सिंधु ने थाईलैंड की बुसानन ओन्गब्रामंगफान को 25-23, 21-16 से हराया। (क्रेडिट- बैडमिंटन फोटो)

> यह बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन का लेवल-1 बैडमिंटन टूर्नामेंट है। यह साल में एक बार होता है। टूर्नामेंट पहली बार 1982 में खेला गया था। तब से इसमें दुनिया के बेहतरीन बैडमिंटन खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं।

### पहले गेम में संघर्ष, दूसरा गेम आसानी से जीती सिंधु

इस मैच में सिंधु को पहले गेम में संघर्ष करना पड़ा। ओन्गब्रामंगफान ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। हालांकि, भारतीय स्टार ने यह गेम 25-23 से जीत लिया। सिंधु ने दूसरे गेम में लय हासिल की और दूसरा गेम 21-16 से जीत लिया। एक अन्य मैच में मालविका बनसोड़ को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग ने 21-12, 21-10 से हराया। मैच महज 39 मिनट में समाप्त हो गया।

मेंस सिंगल्स में किदांबी श्रीकांत को पहले राउंड में हार मिली। जापान के युशी तनाका ने उन्हें महज 37 मिनट में 21-19, 21-15 से हराया। लक्ष्य सेन का मैच थोड़ी देर में होगा। डबल्स कैटेगरी में भी भारतीय जोड़ियां एक्शन में होंगी।

**मनोरंजन**

# जान्हवी कपूर ने दी तेलुगु में स्पीच

### बताया क्या है 'पेद्दी' का उद्देश्य? बोलीं- उम्मीद है फिल्म पसंद आएगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पेद्दी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वो राम चरण के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। रिलीज से पहले विजयवाड़ा में फिल्म का एक प्री-रिलीज इवेंट किया गया। इसमें जान्हवी कपूर और राम चरण समेत फिल्म की प्रमुख कास्ट और क्रू मौजूद रहे। इवेंट के दौरान जान्हवी कपूर के तेलुगु भाषा में दिए गए स्पीच ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। वहां मौजूद लोगों को जान्हवी की तेलुगु काफी पसंद आई। अपने तेलुगु स्पीच में जान्हवी ने कहा, 'आप लोगों के प्यार से मैं सचमुच बहुत खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि पेद्दी देखने के बाद भी आप अपना



यही प्यार दिखाते रहेंगे। यही प्यार हमें हर दिन कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। हम जो कुछ भी करते हैं, वह आपके लिए करते हैं। आपका एंटरटेनमेंट करने और बड़ी स्क्रीन पर कहानियां दिखाने के लिए करते हैं। पेद्दी हम सभी के लिए एक बहुत ही खास फिल्म है। इसका सीधा मैसेज ये ही है, अपनी पहचान के प्रति सच्चे रहना और अपने जीवन का उद्देश्य खोजना।'

### उम्मीद है आपको फिल्म पसंद आएगी

एक्ट्रेस ने अपने स्पीच में आगे कहा कि जहां तक मेरी बात है, मेरा उद्देश्य आपके लिए अभिनय करना, आपका मनोरंजन करना और फिल्में बनाना है। मेरी पहचान आप सभी से गहराई से जुड़ी हुई है।

कई साल से आपने मुझे जो लगातार समर्थन और प्यार दिया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं आपको आगे भी गर्व महसूस कराती रहूंगी। मुझे पूरी उम्मीद है कि आपको हमारी फिल्म पसंद आएगी।

> बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेद्दी' में राम चरण और जाह्नवी कपूर के अलावा जगपति बाबू, शिवराजकुमार और दिव्येंदु भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह एक स्पोर्ट्स-ड्रामा फिल्म है और 4 जून को पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी।



## रणवीर सिंह विवाद के बीच फिल्म एसोसिएशन के खिलाफ याचिका

### प्रोड्यूसर टीपी अग्रवाल ने बैन लगाने के अधिकार को दी चुनौती

नई दिल्ली। फिल्म प्रोड्यूसर और फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (FFI) के पूर्व अध्यक्ष टीपी अग्रवाल ने फिल्म एसोसिएशनों की ओर से कलाकारों पर लगाए जाने वाले बैन के खिलाफ कोर्ट का रुख किया है।

अग्रवाल ने मुंबई की दिंडोशी सिविल कोर्ट में फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (FWICE) और इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (IMPPA) के खिलाफ याचिका दायर की है।

उनका कहना है कि किसी भी संस्था के पास किसी कलाकार पर काम करने से रोकने या नॉन-कोऑपरेशन का निर्देश जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है।



कोर्ट ने दोनों संगठनों को नोटिस जारी कर दिया है। यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब हाल ही में FWICE ने बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह के खिलाफ नॉन-कोऑपरेशन यानी असहयोग का निर्देश जारी किया था। रणवीर सिंह का प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ फिल्म 'डॉन 3' फिल्म छोड़ने के बाद से विवाद चल रहा है। इसके बाद फेडरेशन ने अपने सदस्यों को रणवीर के साथ काम न करने के लिए कहा था।

## 5 जून को रिलीज होगी करिश्मा कपूर स्टारर सीरीज

### 'ब्राउन' में दिखेगा कोलकाता का अनदेखा चेहरा

**भोपाल, एजेंसी**

बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर जल्द ही जी 5 की वेब सीरीज 'ब्राउन' में नजर आने वाली हैं। अभिनय देव के निर्देशन में बनी यह सीरीज 5 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। इस नियो-नोयर क्राइम थ्रिलर सीरीज में करिश्मा के साथ जिस्सू सेनगुप्ता, सूर्या शर्मा, सोनी राजदान और अनुभवी अभिनेत्री हेलेन शामिल हैं।

वहीं परेश पाहुजा, मेघना मलिक, अजिंक्य देव, के.के. रैना और गायक शान भी विशेष भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस सीरीज और इसकी शूटिंग के अनुभव को लेकर अभिनय देव ने संवाददाता से बातचीत की।

इस कहानी की सबसे अच्छी बात को लेकर अभिनय ने कहा कि जब मैंने इस पर बेस्ड किताब पढ़ी थी, तब मुझे यह बात बहुत पसंद आई कि यह एक क्राइम स्टोरी की तरह



लिखी गई है, लेकिन इसके सभी किरदार बेहद बेहतरीन हैं। किताब में इन पात्रों को बहुत गहराई से लिखा गया है और हमने सीरीज में भी उन्हें उसी संवेदनशीलता के साथ दिखाने की कोशिश की है। ये ऐसे किरदार हैं, जो हमें रोजमर्रा की जिंदगी में तो दिखाई देते हैं, लेकिन फिल्मों में कम नजर आते हैं। अभिनय ने बताया कि पूरी सीरीज की शूटिंग वास्तविक लोकेशनों पर की गई है और इसके लिए एक भी सेट नहीं बनाया गया। हमने पूरी शूटिंग कोलकाता में की, लेकिन जानबूझकर शहर के उन हिस्सों को चुना जो आमतौर पर फिल्मों में दिखाई नहीं देते।



### पता चल गया कहां से होगी आमिर खान की फिल्म के सीक्वल की कहानी!

# थ्री-इडियट्स की कहानी से उठ गया पर्दा

नई दिल्ली। आमिर खान-आर माधवन और शरमन जोशी स्टारर फिल्म 'थ्री-इडियट्स' को लेकर जब से कंफर्मेशन मिली है, तब से फैंस की उत्सुकता दोगुने स्तर पर पहुंच चुकी है। हर कोई यह जानने को बेकरार है कि राजकुमार हिरानी इस फिल्म की कहानी को कैसे आगे बढ़ाएंगे। अब इसका अपडेट भी सामने आ चुका है। इस बार 'थ्री-इडियट्स' का सीक्वल निर्देशक कैसे आगे बढ़ाएंगे, यह पता चल गया है। बताया जा रहा है सीक्वल की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां पर मूल फिल्म की कहानी खत्म हुई थी। मूल फिल्म उस पड़ाव पर खत्म हुई थी, जहां रैंचों के दोस्तों फरहान और राजू को लद्दाख में पता चलता है कि रैंचो का असली नाम फुंगसुक वांगडू है। हालांकि, कई रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि फिल्म की कहानी 10 साल आगे बढ़ेगी। इंडियन सिनेमा की सबसे बेस्ट फिल्मों में से एक 'थ्री-इडियट्स' के सीक्वल को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि इसके सेकंड पार्ट में तीन नहीं, बल्कि चार इडियट्स होने वाले हैं। पिंकविला की रिपोर्ट्स की मानें तो आमिर खान की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के सीक्वल में चौथे इडियट के किरदार में विक्की कौशल नजर आ सकते हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि उनका किरदार मूवी में एक फ्रेशनेस लेकर आएगा। विकी कौशल भी आमिर खान के साथ काम करने के लिए बेहद उत्सुक हैं।





> आपको बता दें कि विक्की कौशल ने आमिर खान के साथ भले ही कभी काम न किया हो, लेकिन वह राजकुमार हिरानी की फिल्म 'संजू' और 'डंकी' में काम कर चुके हैं। मेकर्स इस सीक्वल को 2028 के अंत या 2029 की शुरुआत में रिलीज कर सकते हैं।

### स्क्रिप्ट पर खत्म होने वाला है काम

मुंबई मनोरंजन संवाददाता की रिपोर्ट्स के मुताबिक, जल्द ही राजकुमार हिरानी और आमिर 3 इडियट्स की सीक्वल की स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने के लिए एक फाइनल मीटिंग करेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस सीक्वल को लेकर आमिर और राजकुमार के बीच नियमित तौर पर बातचीत हो रही है। इस फिल्म को लेकर उनके बीच करीब छह बैठकें हो चुकी हैं। अब जल्द ही दोनों के बीच सातवीं बैठक होगी। उसके बाद फिल्म पर आगे का काम शुरू हो जाएगा।

### नेतन्याहू को फोन कर फटकार लगाई, कहा- पागल हो गए हो क्या, तुरंत ये सब रोको

# 'लेबनान पर इजराइली हमले से ट्रम्प नाराज'

**दावा**

तेल अवीव, एजेंसी

ट्रम्प ने सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करते हुए लेबनान में इजराइली सैन्य कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में नेतन्याहू को 'पागल' कह दिया और उन पर एहसान न मानने का आरोप लगाया। रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान पर हमले के बाद ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि अगर इजराइली कार्रवाई जारी रही तो वह अमेरिका के साथ चल रही बातचीत छोड़ सकता है। इससे नाराज ट्रम्प ने



नेतन्याहू को फोन किया।

सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में कहा-तुम पागल हो गए हो क्या? आखिर तुम कर क्या रहे हो। मेरा एहसान मानो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हें बचा रहा हूं। लेकिन अब हर कोई तुमसे नाराज है। हर कोई इजराइल से भी नाराज है। फ्रांस लगातार कूटनीतिक समाधान और संघर्षविराम के पालन की वकालत करता रहा है। पेरिस का मानना है कि क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए सैन्य कार्रवाई के बजाय राजनीतिक संवाद और अंतरराष्ट्रीय समझौतों का सम्मान जरूरी है। विशेषज्ञों के अनुसार, फ्रांस का यह बयान लेबनान में तनाव कम करने और संघर्षविराम को प्रभावी बनाने के लिए बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव का संकेत माना जा रहा है। ईरानी वार्ता टीम के करीबी बताए गए सूत्र ने कहा कि अमेरिका के समझौतों और प्रतिबद्धताओं से पीछे हटने के पिछले रिकॉर्ड के कारण ईरान इस मामले में बेहद सतर्क रुख अपना रहा है।

**अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प खास तौर पर इस बात से परेशान थे कि लेबनान में बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे जा रहे हैं और एक हिजबुल्लाह कमांडर को निशाना बनाने के लिए पूरी इमारतें गिराई जा रही हैं।**

#### लेबनान में इजराइली मौजूदगी पर फ्रांस का सवाल

फ्रांस के विदेश मंत्री जां-नोएल बारो ने कहा है कि लेबनान के भीतर इजराइली सैनिकों की लंबे समय तक मौजूदगी को किसी भी आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्षविराम पर सहमति की घोषणा की है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच झड़पें जारी हैं। मंगलवार को फ्रांस टीवी से बातचीत में बारो ने कहा कि लेबनानी क्षेत्र में इजराइल की सैन्य कार्रवाई और उसकी निरंतर मौजूदगी का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा, कुछ भी ऐसा नहीं है जो सैन्य अभियानों की निरंतरता और लेबनान के भीतर इजराइल के लंबे समय तक बने रहने को सही ठहरा सके। अमेरिका ने हाल ही में घोषणा की थी कि इजराइल और हिजबुल्लाह लड़ाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, इसके बावजूद दोनों पक्षों के बीच रातभर झड़पों और हमलों की खबरें सामने आईं, जिससे संघर्षविराम की स्थिति पर अनिश्चितता बनी हुई है। लेबनान-इजराइल सीमा क्षेत्र पिछले कई महीनों से तनाव का केंद्र रहा है। गाजा युद्ध के बाद दोनों पक्षों के बीच सीमा पार हमले और जवाबी कार्रवाई तेज हुई है, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं।



लेबनान के दक्षिणी शहर टायर में 1 जून को इजराइली हवाई हमले के बाद बचावकर्मी घटनास्थल पर काम करते हुए।

#### अमेरिका के साथ संभावित समझौते पर ईरान सतर्क: अंतिम मसौदे की समीक्षा जारी

ईरान अमेरिका के साथ संभावित MoU के अंतिम मसौदे की समीक्षा कर रहा है और अभी तक उसने कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं भेजी है। यह जानकारी मंगलवार को ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने वार्ता से जुड़े एक सूत्र के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी वार्ता दल दस्तावेज़ की शर्तों और प्रावधानों का विस्तार से अध्ययन कर रहा है। समीक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही तेहरान अपनी आधिकारिक प्रतिक्रिया देगा।

## इबोला की वैक्सीन विकसित करने के लिए दिए जाएंगे 60 मिलियन डॉलर

### मॉडर्ना और दो अन्य समूहों को दी गई जिम्मेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

महामारी की तैयारी संबंधी नवाचारों के लिए गठबंधन (सीईपीआई) कांगो में फैले घातक वायरस इबोला बुंडीबुग्यो के टीके के विकास में तेजी लाने के लिए मॉडर्ना और दो अन्य समूहों को लगभग 60 मिलियन डॉलर देगा।

सीईपीआई के प्रमुख रिचर्ड हैचेट ने बताया कि इबोला बुंडीबुग्यो के टीके को कुछ ही महीनों में परीक्षण के लिए तैयार करना संभव है। इबोला बुंडीबुग्यो के लिए अभी तक कोई भी स्वीकृत टीका या उपचार उपलब्ध नहीं है।

हैचेट ने कहा, इस घातक बीमारी के खिलाफ लड़ाई में हर दिन मायने रखता है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में टीकों की उपलब्धता की उम्मीद से इस बारे में बातचीत शुरू करने में मदद मिलनी चाहिए कि कौन इन्हें खरीदेगा और इनके वितरण के लिए धन कौन देगा। लेकिन



उन्होंने चेतावनी दी कि वैक्सीन का विकास अप्रत्याशित हो सकता है और कांगो में चुनौतीपूर्ण सुरक्षा स्थिति परीक्षणों को जटिल बना देगी।

अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इस प्रकोप से 282 पुष्ट मामले सामने आए हैं, जिनमें 42 मौतें शामिल हैं, और लगभग 1,100 संदिग्ध मामले हैं।

कांगो में हुई मौतों के अलावा, युगांडा में नौ मामलों की पुष्टि हुई है, जिनमें एक मौत शामिल है। वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसियों ने इस प्रकोप को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है।

**फास्ट न्यूज**

#### पाकिस्तान की राजधानी में रात 8 बजे के बाद बाजार बंद करने का आदेश

नई दिल्ली। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद ने व्यवसायों के लिए एक नई समय-सारिणी लागू की है, जिसके तहत उन्हें सोमवार से रात 8 बजे तक बंद करना अनिवार्य होगा। डिप्टी कमिश्नर इरफान मेमन की अगुवाई वाले जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि बाजार बंद होने का नया समय हफ्ते के हर दिन लागू होगा।

#### चांदी 2,950 बढ़कर 2.66 लाख किलो पर पहुंची

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 25 मई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 760 रुपए बढ़कर 1.56 लाख रुपए हो गया है। वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत 2,950 रुपए बढ़कर 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.56 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

#### अमेरिका में ट्रांसजेंडर सैनिकों को हटाने पर कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली। अमेरिकी फेडरल अपीलीय कोर्ट ने अमेरिकी सेना (पेंटागन) से ट्रांसजेंडर सैनिकों को हटाने पर फिलहाल रोक लगा दी है। अदालत ने अपने फैसले में ट्रांसजेंडर सैनिकों पर लगाए गए प्रतिबंध को असंवैधानिक करार दिया है और सरकार के इस कदम को भेदभावपूर्ण माना है।

# बच्चों की सुरक्षा जोखिम का मामला


### फ्लोरिडा ने ओपनएआई पर किया मुकदमा

**नुकसान**

नई दिल्ली, एजेंसी

फ्लोरिडा ने ओपनएआई और उसके सीईओ सैम आल्टमैन पर सोमवार को मुकदमा दायर किया। आरोप लगाया गया है कि कंपनी ने अपने चैटजीपीटी प्लेटफार्म की सुरक्षा के बारे में गलत जानकारी दी। मुकदमे के अनुसार ओपनएआइ ने बच्चों को नुकसान पहुंचाया है। फ्लोरिडा ओपनएआइ पर कानूनी कार्रवाई करने वाला अमेरिका का पहला प्रांत है। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य फ्लोरिडा के अटार्नी जनरल जेम्स उथमेयर ने फ्लोरिडा की अदालत में मुकदमा दायर किया।

मुकदमे में पिछले साल एक विश्वविद्यालय में हुई गोलीबारी और अन्य राज्यों में हुई कई घटनाओं का




हवाला दिया गया है, जहां कथित तौर पर चैटजीपीटी ने हमलावरों को जानकारी जुटाने में मदद की थी। उथमियर ने बताया कि मुकदमे में अरबों डालर हर्जाने की मांग की गई है। ओपनएआई ने अभी इस मामले में टिप्पणी नहीं की है। ओपनएआई को फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी में मारे गए एक व्यक्ति के परिवार द्वारा दायर मुकदमे का भी सामना करना पड़ रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि चैटजीपीटी ने शूटर को हमले की साजिश रचने में सहायता की थी।

### होर्मुज स्ट्रेट फिर बंद करने की तैयारी, लेबनान पर हमलों के विरोध में फैसला

# दावा : ईरान ने अमेरिका से सीजफायर वार्ता रोकी

तेल अवीव, एजेंसी

ईरान ने अमेरिका के साथ सीजफायर वार्ता फिलहाल रोक दी है। ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, तेहरान ने कहा है कि जब तक लेबनान में इजराइली हमले नहीं रुकते, तब तक मध्यस्थों के जरिए अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान का कहना है कि लेबनान में शांति बनाए रखना सीजफायर की अहम शर्तों में शामिल था। लेकिन अब लेबनान समेत कई मोर्चों पर इस समझौते का उल्लंघन हो रहा है।

ईरान ने गाजा और लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकने और लेबनानी क्षेत्र से इजराइली सेना की पूरी वापसी की मांग की है। तेहरान का कहना है कि जब तक इन मुद्दों पर उसकी और उसके सहयोगियों मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक बातचीत दोबारा शुरू नहीं होगी। तस्नीम की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान और उसके सहयोगी होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह बंद करने और अन्य मोर्चों को एक्टिव करने के ऑप्शन पर भी विचार कर रहे हैं।



#### अमेरिका बोला- लेबनान में तनाव के लिए हिजबुल्लाह जिम्मेदार

अमेरिका का कहना है कि इजराइल और लेबनान के बीच सीजफायर को सबसे ज्यादा नुकसान हिजबुल्लाह के हमलों से पहुंच रहा है। वॉशिंगटन का मानना है कि हिजबुल्लाह लगातार इजराइल को निशाना बना रहा है, जिसकी वजह से तनाव कम होने के बजाय बढ़ रहा है।

**"अमेरिका ने ईरान की ओर जा रहे एक और मालवाहक जहाज को रोक दिया। 17 अप्रैल से अब तक अमेरिका 6 जहाजों को ईरान जाने से रोक चुका है।**

#### इराक के पास कार्गो जहाज पर हमला

खाड़ी क्षेत्र में एक मालवाहक जहाज पर हमला हुआ है, जिसके बाद जोरदार धमाका हुआ। यह जानकारी यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने दी है।

UKMTO के मुताबिक, यह घटना इराक के उम्म कसर बंदरगाह से करीब 74 किलोमीटर दूर समुद्र में हुई।

बताया गया है कि किसी अज्ञात प्रोजेक्टाइल या उड़ती हुई चीज ने जहाज को टक्कर मारी, जिसके बाद बड़ा विस्फोट हुआ। फिलहाल यह साफ नहीं है कि हमला किसने किया।



लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन।

#### लेबनान पर इजराइली हमले में अब तक 3,433 लोगों की मौत

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 2 मार्च को लड़ाई फिर शुरू होने के बाद से अब तक इजराइली हमलों में कम से कम 3,433 लोगों की मौत हो चुकी है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 10,395 लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और आम नागरिक शामिल हैं।

### बेटियां शबनम ने अदालत में बयान दिया कि उन्होंने हुसैन से शादी कर ली

# पाकिस्तान: 8 बच्चों को छोड़ दूसरे पति संग चली गई मां

**लाहौर हाई कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद शबनम बीबी अपने नए पति गुलाम हुसैन के साथ चली गईं। इस दौरान कोर्ट के बाहर उनकी बेटियां रोती-बिलखते रह गईं, लेकिन मां ने एक नजर भी पीछे मुड़कर नहीं देखा।**

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के लाहौर कोर्ट के बाहर ऐसा नजारा देखने को मिला जिससे हर किसी का दिल पसीज गया. दरअसल एक महिला ने अपनी आठ जवान बेटियों को छोड़कर



दूसरे पति के साथ रहने चली गई।

'द डॉन' अखबार के अनुसार, गुलाम हुसैन ने कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी पत्नी शबनम को उनके पूर्व परिवार की कथित अवैध हिरासत से छुड़ाने की मांग की।

शबनम ने अदालत में बयान दिया कि उन्होंने हुसैन से शादी कर ली है और उनके साथ रहना चाहती हैं। कोर्ट ने दोनों की मर्जी का सम्मान करते हुए उन्हें साथ रहने की अनुमति दे दी।

अदालत के फैसले के बाद जब शबनम कोर्ट से बाहर निकलीं तो उनकी आठ बेटियां उनके पैरों में गिरकर रोने लगीं। एक बेटी ने बताया कि मां ने कोर्ट में उन्हें पहचानने से इनकार कर दिया।

बेटियों ने मां को घर वापस लाने की अपील की, लेकिन मां ने किसी की नहीं सुनी। वीडियो में छोटी बेटी चीख-चीखकर रोती दिख रही है, जबकि मां बिना रुके नए पति के साथ चली गईं।

#### सोशल मीडिया पर वायरल हो रही घटना

इस घटना के दो वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में बेटियां मां के पीछे भागती हुईं दिख रही हैं, लेकिन शबनम ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दिया। लोगों ने इस घटना को अमानवीय बताते हुए आलोचना की है।

बेटियां अब अकेली हैं और अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कोर्ट ने कानूनी रूप से शबनम को नई शादी की आजादी दी, लेकिन सामाजिक और नैतिक स्तर पर यह फैसला विवादास्पद बना हुआ है।

# ब्राजील में काम पर जा रही महिला मैनहोल में गिरी

### कुछ घंटे पहले ही ढक्कन चुराने की हुई थी कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी

ब्राजील में काम पर जाते समय एक महिला मैनहोल में गिर गई। ठीक उसके कुछ ही घंटे पहले कथित तौर पर दो लोगों ने उस मैनहोल का ढक्कन चुराने की कोशिश की थी।

इस घटना से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है जिसमें दिखाया गया कि 31 साल की एक बेखबर महिला अचानक एक नाली में जा गिरी। महिला के कदम जैसे ही ढक्कन पर पड़ते हैं वैसे ही वह पलट जाता है और वह मैनहोल में जा गिरती है।

जिस मोटरसाइकिल सवार ने उसे उतारा था वह उसकी मदद के लिए तेजी से भागता है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, महिला को रियो डी



जनेरियो के माराकाना स्थित अंडाराई फेडरल हॉस्पिटल में तुरंत ले जाया गया। उसे चोटें आई थीं।

इस भयानक हादसे से महज कुछ घंटे पहले दो लोगों को ढक्कन के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसी सीसीटीवी कैमरे में कैद किया गया था। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि उनका मानना है कि वे दोनों कथित तौर पर धातु के उस टुकड़े को चुराने की कोशिश कर रहे थे।

#### फोन हाथ में लेकर फुटपाथ पर चल रही थी महिला

ब्राजील में रिकॉर्ड की गई एक दिल दहला देने वाली सीसीटीवी फुटेज में रविवार सुबह काम पर जाते समय एक महिला को मोटर-साइकिल से उतरते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद वह अपने फोन का इस्तेमाल करते हुए फुटपाथ पर टहलती हुई दिखाई देती है।

अपने आगे ढीले मैनहोल कवर से पूरी तरह बेखबर वह काम पर जाते हुए आगे बढ़ती जाती है। बस कुछ ही पलों बाद जैसे ही वह ढक्कन पर कदम रखती है तो वह महिला जमीन में समा जाती है।

### जांच : फेमा नियमों के उल्लंघन का आरोप, 74,000 करोड़ के कर्ज वाली पैरेंट कंपनी को पेमेंट किया था

# वेदांता ग्रुप के मुंबई दिल्ली दफ्तरों पर ईडी की रेड

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मंगलवार, 2 जून को दिग्गज बिजनेसमैन अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता ग्रुप के ठिकानों पर छापेमारी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कार्रवाई ग्रुप के मुंबई और दिल्ली स्थित दफ्तरों पर की गई।

ED की कार्रवाई फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (FEMA) के नियमों के कथित उल्लंघन से जुड़ी हुई है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब कंपनी अपने कारोबार को 5 अलग-अलग लिस्टेड कंपनियों में बांटने (डिमर्जर) की प्रक्रिया पर काम कर रही है। ED की छापेमारी



वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल।

के बीच वेदांता ग्रुप के प्रवक्ता ने बयान जारी कर अपनी स्थिति साफ की है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, ₹हम जांच अधिकारियों को पूरा सहयोग दे रहे हैं और उनके द्वारा मांगी जा रही सभी जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**रिपोर्टों के अनुसार, वेदांता रिसोर्सेज पर करीब 74,000 करोड़ का कुल कर्ज है। इस कर्ज को चुकाने और फंड मैनेज करने के लिए भारतीय यूनिट अक्सर अपनी विदेशी पैरेंट कंपनी को मोटी रॉयल्टी देती रही है, जिसे लेकर अब जांच एजेंसी ने शिकंजा कसा है।**




#### खबर आते ही बाजार में गिरा वेदांता का शेयर

ED की इस अचानक कार्रवाई का असर शेयर बाजार में कंपनी के स्टॉक पर भी देखने को मिला। दोपहर करीब 11:45 बजे वेदांता लिमिटेड का शेयर 0.7% की गिरावट के साथ 334.6 पर ट्रेड कर रहा था। आपको बता दें कि वेदांता लिमिटेड भारतीय शेयर बाजार में लिस्टेड एक बड़ी कंपनी है, जिसकी मार्केट कैपिटलाइजेशन (मार्केट कैप) लगभग 1.3 लाख करोड़ है।

#### विदेश पैसा भेजने को लेकर हो रही जांच

ED की इस कार्रवाई का मुख्य कनेक्शन रॉयल्टी पेमेंट से जुड़ा है। जांच एजेंसी उस रॉयल्टी भुगतान की जांच कर रही है जो भारतीय कंपनी 'वेदांता लिमिटेड' की तरफ से अपनी मूल यानी पैरेंट कंपनी 'वेदांता रिसोर्सेज' को किया गया था। वेदांता रिसोर्सेज ब्रिटेन में स्थित एक एंटिटी है, जो इस समय भारी कर्ज से जूझ रही है।

# भारतीय शेयर बाजार को साउथ कोरिया ने पीछे छोड़ा

### एआई में तेजी से मार्केट कैप 475 लाख करोड़ हुआ


मुंबई, एजेंसी

साउथ कोरिया का शेयर बाजार भारत को पीछे छोड़कर दुनिया का छठा सबसे बड़ा मार्केट बन गया है। इसकी बड़ी वजह चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनियां हैं, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते इस्तेमाल के दम पर लगातार रिकॉर्ड बना रही हैं।

ब्लूमबर्ग के अनुसार इस साल साउथ कोरिया की लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट कैप 86% बढ़कर 5 ट्रिलियन डॉलर (करीब 475 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंच गई है। वहीं, भारतीय शेयर बाजार की मार्केट कैप घटकर 4.8 ट्रिलियन डॉलर (करीब 456 लाख करोड़ रुपए) रह गई है।

डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में आई लगातार गिरावट से ओवरऑल वैल्यूएशन डॉलर टर्म में कम हुआ है।

**विदेशी निवेशकों की रिकॉर्ड बिकवाली:** भारतीय बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPIs) ने रिकॉर्ड स्तर पर पैसे निकाले हैं।



**AI कंपनियों की कमी:** भारतीय शेयर बाजार में ऐसी बड़ी कंपनियों की कमी है जो सीधे तौर पर ग्लोबल एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर या चिप मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी हों।

भले ही शेयर बाजार के वैल्यूएशन (मार्केट कैप) के मामले में साउथ कोरिया ने भारत को पछाड़ दिया हो, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था (GDP) के आकार के मामले में भारत अब भी साउथ कोरिया से बहुत आगे है।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96